# धरातल पर कुंआ दिखे, कोई कागजी खेल नहीं हो : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा सिंचाई कूप योजना में धरातल में कुंआ दिखे, कागजी खेल नहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उक्त बातें ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें लापरवाही ठीक नहीं। मालूम हो कि राज्य सरकार एवं मनरेगा के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत कुल एक लाख कूपों का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाना है लेकिन मुख्यमंत्री इसके कार्य प्रगति को लेकर खुश नजर नहीं आए और जल्द से जल्द योजना का लाभ ग्रामीणों को देने का आदेश दिया है। मालूम हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना का शुभारंभ किया गया हैए ताकि जल संरक्षण को बल मिल सके एवं वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार हो सके।

**दो चरण में कुआं निर्माण का लक्ष्य** : योजना के तहत प्रथम चरण में 30 एवं द्वितीय चरण में 70 हजार कूप का निर्माण किया जाना है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं 15 नवंबर 2024 तक शेष 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण करेगी। योजना में बिरसा हरित ग्राम कृषि कार्य से संबंधित लाभुकए बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना के लाभार्थी को प्राथमिकता देने की योजना है। साथ ही निर्मित कुओं की स्थिरता एवं उपयोगिता बनाए रखने के लिए कुआं के आसपास जल संचयन और जल एवं मृदा संरक्षण के कार्य बड़े पैमाने पर करने का निर्देश है।

### सभी जिलों में होगा कुआं का निर्माण

प्रथम चरण में 16936 कुआं की स्वीकृति मिल चुकी है। 3822 कुआं का निर्माण कार्य जारी है। गिरिडीह में 8386, रांची में 7314, पलामू के 6460, हजारीबाग में 5973, पश्चिमी सिंहभूम में 5212, दुमका में 5022, बोकारो के 4876, देवघर में 4729, गोड्डा में 4608, पूर्वी सिंहभूम में 4291, साहेबगंज में 3949, गुमला में 3876, धनबाद में 3901, चतरा में 3706, पाकुड़ में 3120, जामताड़ा में 2877, लातेहार में 2804, कोडरमा में 2560, रामगढ़ में 2438, सिमडेगा में 2292 और लोहरदगा में 1606 कुआं निर्माण लक्ष्य 15 नवंबर 2024 तक रखा गया है।

## राज्यपाल पहुंचे सरायकेला, जनता से सीधा संवाद कर समस्याओं को जानने का किया प्रयास

# अधिकारियों को दिया निर्देश : केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सही व पूर्ण रूप से धरातल पर उतारें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/रांची।** जनता से संवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सरायकेला पहुंचे। यहां उन्होंने कुमार विजय प्रताप सिंहदेव राज्य संपोषित बालिका+2 उच्च विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले स्कूल के लिए भूमि दान करने के लिए कुमार विजय प्रताप सिंहदेव के परिवार के प्रति कृतज्ञता जतायी। राज्यपाल ने विद्यालय के आईसीटी लैब, लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की सराहना की।

**स्कूल के छात्रों के बीच अपने अनुभव साझा किये** : संवाद के दौरान एक छात्रा ने राज्यपाल से सांसद और राज्यपाल के रूप में अपने अनुभव को साझा करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सांसद के रूप में क्षेत्र की जनता के लिए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, रोजगार आदि सुलभ कराया। कोयंबटूर से 6 अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



**विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है भारत** : उन्होंने बताया कि राज्यपाल के रूप में वे अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखना चाहते हैं। इसलिए वे सुदूरवर्ती गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करते हैं और उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं। सीपी राधाकृष्णन ने बच्चों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रेरणास्रोत बताया। कहा कि वे देश के विकास के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है।

**बच्चों से शिक्षा, छात्रावास और खान-पान की जानकारी ली** : संवाद कार्यक्रम के दौरान सीपी राधाकृष्णन ने अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय में भी जाकर बच्चों के साथ संवाद किया। साथ ही बच्चों के बीच खेल सामग्री बांटे। उन्होंने बच्चों से प्रदत्त शिक्षा, छात्रावास की व्यवस्था और खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि उन्हें पोष्टिक भोजन मिलता है। खाना में अंडा भी दिया जाता है। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रोटिनयुक्त भोजन का होना आवश्यक है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि 8वीं और 9वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भी सप्ताह में एक दिन अंडा और दो दिन दूध सुलभ हो। इसके लिए वे बैठक कर समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## बदल रही है स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की दशा एवं दिशा : राज्यपाल

### ईटाकुदर गांव जाकर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला के ईटाकुदर गांव में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह महिलाओं की दशा एवं दिशा बदलने के लिए सामाजिक क्रांति का रूप ले चुका है।

**एक कुआं है...पानी नहीं मिल पाता है** : संवाद के क्रम में गांव के मुखिया ने बताया कि उस गांव की आजीविका का मुख्य स्रोत कृषि है। मुखिया ने कहा कि वहां के लोगों को मनरेगा योजना का लाभ के साथ आवास योजना के तहत आवास भी मिलता है। सर्वजन पेंशन, 100 यूनिट फ्री बिजली, जल-नल योजनाओं, अन्य योजनाओं के द्वारा पंचायत में कार्य किये जा रहे हैं।



**तत्काल पेयजल संबंधी समस्याओं को दूर करें डीसी** : राज्यपाल ने डीसी अनन्या मित्तल से इस समस्या कों अविलंब दूर करने को कहा। डीसी ने उस महिला को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही संबंधित अभियंता उस टोला में जायेंगे और जल की समस्या को दूर करने के लिए समुचित रूपरेखा बनाएंगे। एक अन्य ग्रामीण ने संवाद के क्रम में कहा कि मानीटोला गांव में सड़क की आवश्यकता है। इस सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अथवा सरकार की अन्य योजना के माध्यम से की जायेगी। दूधी गांव की एक महिला ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उनके जीवन में बदलाव आया है। राज्यपाल ने इस मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्ति भी बांटे।

काशीडीह टोला की एक महिला ने अवगत कराया कि उनके मुहल्ले में पेयजल के लिए मात्र एक कुआं है, जो बहुत पुराना है और इससे लोगों की आवश्कता के अनुरूप जल नहीं मिल पाता है।

## खबर एक नजर में

### लंबित मामलों में कल होगी समीक्षा बैठक

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में 34763 शिकायत निष्पादन के लिए लंबित हैं। इसको लेकर 21 जून को आईजी मुख्यालय जिले के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेगा। जिले एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत (1) पीजी-01 (2) पीजी-02 और (3) पीजी पोर्टल प्रशाखा में साल 2015 से साल 2023 (माह मई तक) लंबित 34763 शिकायत पाई गई है। लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन में काफी कमी देखी गयी है। इसके निष्पादन में तेजी के लाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की जाएगी।

### इनामी नक्सली प्रशांत बोस की बेल पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रशांत बोस से जुड़े अन्य मामलों को एक साथ सूचीबद्ध कर 27 जून को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने प्रशांत बोस की जमानत अर्जी पर सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। वहीं प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने अपना पक्ष रखा। बता दें कि झारखंड पुलिस ने वर्ष 2021 में भाकपा माओवादी के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस उर्फ किशन दा, उनकी पत्नी शीला मरांडी और चार माओवादियों को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

### शपथ पत्र दायर कर जमीन का कब्जा दिलाने की दी जानकारी, याचिका की निष्पादित

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम, परगना धालभूम, मानगो स्थित 3 कट्ठा से अधिक गिरवी पर रखी जमीन को एक्सिस बैंक द्वारा उसके नीलामी खरीदार को जमीन का दखल नहीं दिलाने मामले में मकसूद आलम व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में जमशेदपुर डीसी की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि नीलामी जमीन का कब्जा बैंक को दिला दिया गया है। बैंक ने विधिवत रूप से जमीन का कब्जा 17 जून को नीलामी खरीदार को कर दिया गया है, जिसके बाद डीसी जमशेदपुर के जवाब पर संतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी। इससे पूर्व डीसी की ओर से कोर्ट से उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए कोर्ट को बताया गया था कि वह बीमार है और अपने ऑपरेशन के लिए झारखंड से बाहर हैं, जिस पर कोर्ट ने उनकी उपस्थिति से छूट प्रदान की। सुनवाई के दौरान इंचार्ज डीसी मनीष कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई

रांची। कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान श्रम व नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर सोमवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सत्यानंद भोक्ता की ओर उनके अधिवक्ता ने आरटीआई से निकाले गए कागजात को साक्ष्य के रूप में अदालत को सौंपा। साथ ही, अदालत से समय की मांग की। इस पर अदालत ने डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई के लिए एक जुलाई की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि 46.10 करोड़ की बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज अर्जी अदालत में दाखिल की है। जिस पर सुनवाई जारी है। मालूम हो कि 2003-05 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किए बिना मनपसंद कंपनी से किया गया था। जिसकी जांच एसीबी ने किया था। उस जांच में 46 करोड़ 10 लाख घोटाला का मामला सामने आया था।

## खूंटी के गुटजोरा पंचायत सचिवालय में राज्यपाल ने ग्रामीणों से किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को खूंटी जिले के गुटजोरा स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने खूंटी जिले में कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजना के प्रति सजग हैं और लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। हम यदि जागरूक रहेंगे तो नित्य हो रहे बदलाव, नए तौर-तरीकों एवं नए आविष्कारों को जान सकेंगे और इन्हें जीवन में उतारकर अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं।

**कई महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया** : संवाद के क्रम में गायश्री कुमारी ने ड्रैगन फ्रूट की बागवानी के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उसने ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए प्रशिक्षण लिया था। उसने रानी मिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर शौचालय एवं प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया है तथा कई महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया है। उनके द्वारा प्रिकास्ट प्लांट भी स्थापित किया गया है।



राज्यपाल ने ड्रैगन फ्रूट की खेती किये जाने के संबंध में उपायुक्त खूंटी से पूछा तो उन्होंने बताया कि यहां स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। किसानों के उत्पाद का मार्केट लिंक की भी व्यवस्था कर रहे हैं। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिरसा हरित ग्रामीण योजना के तहत 1 एकड़ में 112 आम का पेड़ लगाया है, जिसमें फल आना शुरू हो गया है। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। कहा कि यहां के लोगों के चेहरे की चमक और ऊर्जा बता रही है कि झारखंड विकास की नई ऊंचाई को छुएगा। इससे पूर्व राज्यपाल ने गुटजोरा गांव में उज्ज्वला आजीविका संसाधन केंद्र द्वारा की गई ड्रैगन फ्रूट की बागवानी एवं नर्सरी का अवलोकन किया।

### जिला शिक्षा कार्यालय में दलालों का बोलबाला विभाग ने लिया संज्ञान

**रांची।** कहा जाता है कि सरकारी कार्यालयों में बगैर चढ़ावे के कोई काम नहीं होता। बेवजह लोगों को परेशान किया जाता है। काम करने के एवज में पैसे का डिमांड किया जाता है। कुछ इसी तरह की शिकायत शिक्षा विभाग को मिली है। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सख्त हो गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने कहा कि इस तरह के मामले आये तो उसकी शिकायत माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में कर सकते हैं।

दलालों और बिचौलियों को रोकने के लिए निदेशालय की ओर से टेलीफोन नंबर जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इसे लेकर आम सूचना जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निदेशालय के अंतर्गत संलग्न क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक के कार्यालय और जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदाधिकारी, कर्मी या दलाल तत्वों द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए पैसे की मांग की जाती है तो दूरभाष संख्या-0651-2400973 और 0651-2446363 से सीधा संपर्क कर सकते हैं। इसकी शिकायत की सूचना साक्ष्यों सहित उपलब्ध करायी जा सकती है। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जायेगा।

## आइएएस अधिकारी अरवा राजकमल को विभागीय कार्यवाही से मिल सकती है राहत, सीएस ने कार्मिक विभाग से मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आईएएस अधिकारी सरायकेला-खरसावां के डीसी अरवा राजकमल को विभागीय कार्यवाही से राहत मिल सकती है। उनके खिलाफ जारी विभागीय कार्यवाही को समाप्त करने की तैयारी चल रही है। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने उनपर लगे आरोपों और चल रही कार्यवाही के बारे में अब तक क्या-क्या हुआ है? कार्मिक विभाग से इसकी बिंदुवार जानकारी मांगी है।

बताते चलें कि बोकारो डीसी रहते हुए उन्होंने अगस्त 2013 को 14 दिनों का लीव लिया था। व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अमेरिका गए थे। इसके बाद वह वहां स्टडी लीव प्रोग्राम में शामिल हुए थे और लगभग दो साल तक वे बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के ड्यूटी से अनुपस्थित रहे थे। इसके बाद आकर वे कार्मिक विभाग में योगदान किए। पूरे मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया था और मामले की जांच के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित की थी। रघुवर दास की सरकार में निंदन की सजा दी गई थी।

## नक्सल प्रभावित एरिया में लगेंगे मोबाइल टॉवर : एडीजी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर लगाने में परेशानी हो रही है। इसको लेकर एडीजी अभियान ने सोमवार को चतरा, गढ़वा, हजारीबाग, खूंटी, पलामू, गिरिडीह, कोडरमा, सरायकेला, चाईबासा, गुमला और लातेहार जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान एडीजी अभियान ने इन सभी जिलों के एसपी को टेलीकॉम कनेक्टिविटी की प्रगति में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) परियोजना के तहत मोबाइल टॉवर लगाये जा रहे हैं।

## कारोबारी प्रेम प्रकाश की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक हजार करोड़ रुपये की मनी लाउंड्रिंग के मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। बता दें कि विशेष जज पीके शर्मा की ईडी कोर्ट ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था साथ ही उनके खिलाफ अदालत ने आरोप भी गठित कर दिया है जबकि प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बताते हुए ईडी कोर्ट से उसकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज होने एवं उसपर आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

**पिछले वर्ष 25 अगस्त को ईडी ने किया था गिरफ्तार** : ईडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त 2022 को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। ईडी ने प्रेम प्रकाश के अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

## नीतीश पर बाबूलाल की टिप्पणी के बाद जदयू ने किया पलटवार- विश्वसनीयता के खुद शत्रु हैं बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी की टिप्पणी को लेकर झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में चलने वाले बाबूलाल एक समय विपक्ष को मजबूत करने की बात करते थे। कुतुबमीनार से कूद जाने की बात करने वाले बाबूलाल बीजेपी के गोद में जाकर बैठ गए। उन्होंने कहा कि 2016 के मई महीने में झारखंड





विकास मोर्चा के अधिवेशन में बाबूलाल मरांडी ने बतौर मुख्य अतिथि नीतीश कुमार को बुलाया था। उनके सामने वह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बने थे। नीतीश को अपना राजनीतिक गुरु मानने वाले आज बड़ी-बड़ी बात करते हैं। विश्वसनीयता के शत्रु खुद बाबूलाल मरांडी हैं। हाल ऐसा हो गया है कि मुख्यमंत्री के बाद उन्हें विधायक दल का नेता कोई मानने के लिए तैयार नहीं हैं। नीतीश कुमार पर टिप्पणी कर वह केंद्रीय नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं। वो ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि उन्हें बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनना है।

बता दें कि बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि 2014 के लोकसभा चुनाव में उनकी हैसियत पूरे देश ने देखी। फिर जब उन्होंने माफी मांग कर भाजपा से रिश्ता जोड़ा तो 2019 लोकसभा चुनाव में उन्हें बंपर जीत मिली, लेकिन नीतीश प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश में बौरा गए हैं।

## आजसू गठबंधन को लेकर हो सकता है बड़ा एलान, भाजपा बना रही सभी 14 सीटों को जीतने का प्लान

# भगवा परचम लहराने 22 जून को आ रहे हैं जेपी नड्डा

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को झारखंड के गिरिडीह से चुनावी शंखनाद करेंगे। इस दिन श्री नड्डा गिरिडीह में औपचारिक रूप से अपने गठबंधन साथी आजसू को लेकर भी बड़ा एलान कर सकते हैं। आगामी 2024 की तैयारी के मद्देनजर जेपी नड्डा के गिरिडीह दौरे को खास माना जा रहा है। दरअसल, गिरिडीह से अभी आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद हैं। भाजपा सूत्रों का दावा है कि इस बार सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन दलों के बीच स्पष्ट राय कायम हो गयी है। इसके तहत आजसू को विधानसभा चुनाव में पहले के मुकाबले अधिक सीटें मिलेगी। जहां तक लोकसभा चुनाव का मामला है तो सभी 14 सीटों पर भाजपा ही उम्मीदवार खड़ी करेगी। इस नाते भी जेपी नड्डा का 22 जून का दौरा अहम माना जा रहा है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार संथाल से लेकर कोल्हान और कोयलांचल से लेकर पलामू तक भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर मिशन मोड में काम कर रही है। प्रदेश नेताओं के साथ साथ दर्जन भर से ज्यादा राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को अभी से आमचुनाव की तैयारी में लगाया गया है। 22 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झारखण्ड दौरे पर हैं। वह गिरिडीह में आमसभा को संबोधित करेंगे। यह तय है कि भाजपा और आजसू मिलकर चुनाव लड़ेगी। कहा जा



रहा है कि भाजपा सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपना प्रत्याशी देगी। पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 सीटों में से भाजपा ने 13 सीटें अपने पास रखी थी और एक सीट अपनी सहयोगी आजसू को दी थी। भाजपा ने अपने सहयोगी आजसू के साथ मिलकर 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। जो सीट भाजपा ने पिछले चुनाव में आजसू को दिया था वह उसकी सीटिंग सीट थी। लेकिन इस बार कहा जा रहा है कि गिरिडीह सीट भी भाजपा अपने पास ही रखेगी। हालांकि यह भी जानकारी मिल रही है कि गठबंधन में आजसू अपनी सिटिंग सीट गिरिडीह के साथ हजारीबाग पर भी दावेदारी कर रही है। जेपी नड्डा गिरिडीह से लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर रहे हैं तो इस बार फिर से भाजपा यहां से अपना प्रत्याशी दे।

**लोबिन हेम्ब्रम हो सकते हैं तुरूप के एका** : पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को संथाल की एक और कोल्हान की एक सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। संथाल को लेकर भाजपा की अलग रणनीति है। पिछले चुनाव में हेमलाल मुर्मू पर भाजपा ने राजमहल में दाव खेला थाण मगर सफलता नहीं मिली। अब भाजपा की निगाह झामुमो के लोबिन हेम्ब्रम पर है। मालूम हो कि लोबिन पिछले दो वर्षों से अपनी ही सरकार के खिलाफ आग उगल रहे हैं। भाजपा लोबिन हेम्ब्रम को अपने पाले में करने का प्रयास की मगर सफलता नहीं मिली है। लोबिन राजमहल से लोकसभा का चुनाव निर्दलीय लड़ेंगे और भाजपा उनको समर्थन देगी। पार्टी के एक प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ता मिशन मोड में हैं। लगातार केंद्रीय नेताओं का कार्यक्रम हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। पार्टी लगातार सभी 14 सीटों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है।

# 2024 में मोदी को हटाने के लिए सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट हों : डी राजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने कहा कि 2024 में केंद्र से मोदी सरकार का जाना तय है, क्योंकि मोदी सरकार से जनता अब ऊब चुकी है। अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने वाली मोदी सरकार को देश की जनता अगले आम चुनाव में उखाड़ फेंकेगी क्योंकि देश में महंगाई, बेरोजगारी, चरम पर पहुंच गई है। देश की तमाम विपक्षी पार्टियों को ईडी और सीबीआई से डराया जा रहा है। देश में महिला पहलवानों के साथ जो हरकत हुई, उसे पूरी दुनिया ने देखा। नए पार्लियामेंट भवन के उद्घाटन में जिस तरह से राष्ट्रपति को दरकिनार कर पार्लियामेंट का उद्घाटन किया गया, उसे पूरी दुनिया



ने देखा। देश में तानाशाह की तरह मोदी की सरकार काम कर रही है। इसके रहते देश का कल्याण नहीं हो सकता। डी राजा सोमवार रांची स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

डी राजा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी है। इसीलिए आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। 2024 में देश की जनता मोदी के विरोध में वोट देंगे। उनहोंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने भी स्पष्ट किया है कि हम विपक्षी एकता बनाने के लिए प्रयासरत हैं। आरएसएस के झंडे पर चलने वाली मोदी की सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं। उसी के लिए 23 जून को पटना में तमाम विपक्षी पार्टियों की बैठक 2024 की तैयारी के लिए किया जा रहा है।

डी राजा ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया है भाजपा हटाओ देश बचाओ भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ भाजपा हटाओ संविधान बचाओ। उसके तहत पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सचिव के नारायणा एवं डॉ भालचंद्र कांगो, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह, अधिवक्ता एके रसीदी, धर्मवीर सिंह मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## राममंदिरम बिष्टुपुर से आज निकलेगी रथयात्रा



**जमशेदपुर।** एक वर्ष के इंतजार के बाद इस बार फिर इस्कॉन जमशेदपुर द्वारा प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा 20 जून को बिष्टुपुर राम मंदिर से निकाली जाएगी । इस्कॉन भक्तों के साथ साथ शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों एवम भक्तो की कीर्तन मंडली, हरे कृष्णा –हरे रामा के महामंत्र की धुन पर अपने प्रभु जगन्नाथ, मां सुभद्रा एवं बलभद्र जी के रथ को मौसी बाड़ी तक ले जाएंगे। रथ यात्रा के लिए तीन रथ तैयार किए गए हैं , जिस पर प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी विराजमान हो कर अपने भक्तो के साथ नगर भ्रमण करेंगे । इस आयोजन में जमशेदपुर एवं आसपास के इलाकों से, हजारों की संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है , और यही वजह है इस्कॉन जमशेदपुर, यात्रा से लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी शुरू कर देते हैं । रथयात्रा में लगभग 750 की संख्या में विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तीनो रथों की अलग–अलग जिम्मेदारी निभाएंगे । रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए इस्कॉन जमशेदपुर ने शहर के तमाम सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सहयोग लेने का निर्णय लिया ।

## कांग्रेस ने मनाया राहुल का जन्मदिन, केक काटा



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में राहुल गांधी का 53वां जन्मदिन का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में केक काट कर कांग्रेस नेताओं ने मनाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेताओं ने दीरघायु का कामना किया। जिलाध्यक्ष ने शुभकामना संदेश में कहा कि भारत में नौजवानों को नौकरी, हर मध्यम वर्गीय परिवार और गरीब परिवार को महंगाई से निजात दिलाने के लिए राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का सरकार बने यही कामना करता हूं। इस अवसर पर एल बी सिंह, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, के के शुक्ल, सुरेश धारी, सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, नलिनी सिन्हा महिला अध्यक्ष, गुरदीप सिंह, ज्योति मिश्र, संध्या दास, रंजीत सिंह, संजय प्रसाद, राहुल गोस्वामी, बिरेंद्र पाण्डेय, रविंद्र शर्मा, अनंत लाल, इंतिखाब वास्ती, जसवंत सिंह जस्सी, सन्नी सिंह, सुशील घोष, इन्द्रदेव प्रसाद, सलीम खान, सुदरशन तिवारी, अजय मिश्र, प्रमोद मिश्र, मुन्ना सिंह सेवादल शामिल हुए।

## नीलांचल कंपनी से स्क्रैप चुराकर ले जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ा

**गम्हरिया।** कांड्रा थाना अंतरगत रतनपुर स्थित नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी से स्क्रैप चुराकर ले जा रहे ट्रेक्टर को सुरक्षाकरि्मयों ने गेट के समीप पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया गया है कि कंपनी परिसर से निकल रहे उक्त ट्रैक्टर को रविवार को कंपनी के सुरक्षाकरि्मयों ने गेट पर रोका और तालाशी ली। तलाशी के दौरान उसमे तांबे और लोहे को छुपाकर रखा हुआ पाया गया। तत्पश्चात सुरक्षाकरि्मयों ने ट्रैक्टर को जब्त कर कांड्रा थाना को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर कांड्रा पुलिस कंपनी पहुंची जिसके हवाले उक्त ट्रैक्टर को कर दिया गया। कंपनी के महाप्रबंधक गंगाधर बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैक्टर के चालक और सह चालक ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए माफी मांगी और भरोसा दिलाया कि दुबारा ऐसी गलती नहीं की जाएगी। कंपनी प्रबंधन द्वारा स्थानीय पुलिस को इस बाबत सूचना दे दी गई है।

## विजया हेरिटेज का कचड़ा सड़क पर फेकते पकड़ाया



**जमशेदपुर।** शहर में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा अपने स्तर से साल 2018 से घर–घर कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ सोसाइटी एवं अपार्टमेंट के द्वारा चंद सेवा शुल्क बचाने के लोभ से कचरा यत्र तत्र चोरी चुपके फेंक दिया जाता है। इस निमित्त जमशेदपुर कक्षेस के द्वारा बार–बार अभियान चलाकर कचरा उठाओ सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाता रहा है। सोमवार को कदमा उलियान सड़क पर कचरा फेंकते हुए एक टेंपो गाड़ी को सफाई कार्य देखने वाले राजेश रजक के द्वारा देखा गया, उन्होंने तुरंत अक्षेस के उड़नदस्ता दल को सूचित किया। उड़नदस्ता दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को पकड़ लिया। पूछ ताछ करने पर चालक द्वारा बताया गया कि कचरा शहर के जाने–माने सोसाइटी विजया हेरिटेज का है। वाहन चालक से क्षेत्रीय राजस्व कर्मी द्वारा जुरमाना वसूला गया साथ ही विजया हेरीटेज को नोटिस जारी करने का आदेश विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने दिया।

# लक्ष्मी महायज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता



**विश्व में शांति और विश्व के कल्याण के लिए शीतला मंदिर प्रांगण में लक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया गया है जो 27 जून तक चलेगा उधर इस यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई जहां 551 महिलाएं शामिल हुई वहीं इस मौके पर झारखंड सरकार के पास मंत्री बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए वैसे इस यज्ञ में पंडित शिवेंद्र स्वामी महाराज द्वारा यज्ञ क्या जा रहा है वही प्रतिदिन प्रवचन का भी आयोजन किया गया है।**

# जमशेदपुर की अंकिता ठाकुर अमेरिका में कंप्यूटर विज्ञान की दुनिया में उभरती तारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड की एक प्रतिभाशाली और उत्कृष्ट में सक्रिय निवासी, एकंता ठाकुर ने कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। उनकी यात्रा, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल, बारीदीह, जमशेदपुर से उनकी मास्टर्स डिग्री तक, सौभाग्य और उत्साह का प्रतीक है। अंकिता की अकादमिक प्रयासों की शुरूआत उनके शहर में हुई, जहां उन्होंने जमशेदपुर पब्लिक स्कूल में अध्ययन किया। उनके अध्ययन में वे गणित और विज्ञान के प्रति अद्वितीय योग्यता दिखाती थीं। उनकी प्रतिभा को मान्यता देते हुए, अंकिता ने कंप्यूटर विज्ञान में अपने स्नातक के अध्ययन को अपना चुनाव किया, और भुवनेश्वर, उड़ीसा को अपना गंतव्य चुना। अपने विवि के समय में,



अंकिता ने अपने तकनीकी कौशलों को परिष्कृत किया और कंप्यूटर सिस्टम और प्रोग्रामिंग भाषाओं की गहरी समझ प्राप्त की। उनके मेहनत और समर्पण ने उन्हें पहली पंक्ति में खड़ा किया, और कंपनियों में अपनी स्थानांतरण योग्यता के रूप में इन्फोसिस, टीसीएस, और एक्सेंचर जैसी विश्वस्तरीय ग्लोबल कंपनियों में अवस्थित किया। हालांकि, ज्ञान के उत्साह और नई सीमाओं की खोज की इच्छा ने उन्हें उच्चतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उनकी अग्रेषण और उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने सांता क्लारा यूनिवर्सिटी के कैलिफोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित कंप्यूटर विज्ञान के मास्टर्स कार्यक्रम में पंजीकरण करवाया। इस निर्णय ने उनके करियर में एक मोड़ का साबित हो गया। आज, कैलिफोर्निया में, अंकिता को यूनिवर्सिटी के माध्यम से कंप्यूटर विज्ञान की मास्टर्स डिग्री से सम्मानित किया गया है।

# आदिवासी युवती नागी लकड़ा हत्याकांड में प्रेमी दीपक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। मानगो के संकोसाई रोड नंबर 1 निवासी युवती नागी लकड़ा हत्याकांड में उसके प्रेमी और संकोसाई रोड नंबर 1 दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले दीपक आचार्य को गिरफ्तार किया गया है। नागी लकड़ा का शव संकोसाई के एक खेत में गत 18 जून की सुबह पाया गया था।



**दीपक लकड़ा को प्रेस के सामने पेश करते पुलिस अधिकारी।**

मृतका नागी लाकड़ा एक दशक से अपने पति से अलग रह रही थी और दीपक आचार्य के साथ वह प्रेम प्रसंग में थी। वह दीपक आचार्य के इडली-धोसा दुकान में बर्तन मांजने का काम करती थी और इस दौरान दोनों में प्रेम पनपा था। बाद में अनबन होने पर नागी एक चाउमिन दुकान में काम करने लगी थी किन्तु दोनों संपर्क में थे।

नागी लकड़ा का शव मिलने पर उसकी बहन एतवा लकड़ा ने उलीडी थाने में सन्हा देकर आशंका जतायी थी कि नागी की हत्या उसके प्रेमी दीपक आचार्य ने ही की है। नागी लाकड़ा का प्रेम प्रसंग दीपक आचार्य के साथ चल रहा था और वह दीपक आचार्य से शादी करना चाहती थी लेकिन दीपक आचार्य शादी से इंकार कर रहा था।

ऐसे में मुझे पूरा शक है कि दीपक आचार्य के द्वारा ही मेरी बहन को बेरहमी से हत्या कर दिया गया है। उलीडीह थाने में शिकायत मिलते ही पटमदा के डीएसपी ने उलीडीह थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक अनुसंधान टीम का गठन कर दिया। टीम ने पेशेवर तरीके से इस मामले की जांच करते हुए गुप्त सूचना एवं टेक्निकल सेल के अलावा मानवी गुप्तचर के सहयोग से कांड का खुलासा किया गया। जांच में पता चला कि दीपक आचार्य ने ही आधी रात को नागी लकड़ा को बुलाया था और वहीं पर उसने उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस टीम ने दीपक आचार्य को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और उसकी निशानदेही पर हत्या कांड में इस्तेमाल किया गया चाकू, प्राथमिक अभियुक्त का मोबाइल एवं स्कूटी के साथ-साथ घटना के समय पहने हुए चप्पल को जप्त कर लिया गया है।

## पूर्व सैनिक विवेक सिंह जल्द ही करेंगे भोजपुरी फिल्म का निर्माण



**जमशेदपुर।** लौहनगरी अब कलाकारों का गढ़ बनते जा रहा है। यहां एक से बढ़कर एक फिल्म व एल्बम का निर्माण हो रहा है। बीते सालों में एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी कला से सबकी ध्यान अपनी ओर खींच रहे है। लगभग एक दर्जन से ज्यादा ऑडियो स्टूडियो खूल चूके है। आधे दर्जन स्टूडियो का निर्माण भी चल रहा है। शहर में भोजपुरी के स्टार खेसारी लाल यादव, कल्लू, रितेश पांडे. नील कमल सिंह, नमृता मल्ला, शिल्पी राज जैसे कलाकार शहर में अपनी शूटिंग कर रहे है। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर के स्थानीय कलाकार भी के कम नहीं है। सेना से रिटायर्ड होने के बाद पूर्व सैनिक विवेक सिंह ने भोजपुरी वीडियो अल्बम निर्माण में कदम आगे बढ़ाया है। साथ ही नये कलाकारों को मौका भी दे रहे है। सोमवार को टेलको कोलोनी स्थित थीम पार्क और सीटू तालाब के पास शूट हुआ। अलबम में लगभग दो दर्जन कलाकार काम कर रहे थे। पूर्व सैनिक ने अपने वीडियो एल्बम दिलवा करेला घायल में शहर के कलाकारों को मौका दिया है। इस वीडियो एल्बम में उन्होंने निमार्ता के साथ एक्टिंग भी किया है। विवेक सिंह ने बताया कि शहर के कलाकारों में काफी प्रतिभा है। उन्हें सही समय पर मौका मिले तो आगे अच्छा कर सकते है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी लगभग एक दर्जन वीडियो एलबम का निर्माण कर चुके है। जिसमें फौजियों को लेकर बनाया गया वीडियो एलबम ' सीने पे तिरंगा' शामिल है। जल्द ही भोजपुरी फिल्म का निर्माण भी करने जा रहे है। फिल्म में शहर के कलाकारों को ही प्राथमिकता दी जायेगी। पूर्व सैनिक ने बताया कि 'दिलवा करेला घायल' रविवार को 'विनायक म्युजिक इंटरटेंमेंट' पर रिलीज किया जायेगा।

वीडियो एल्बम में काम करने वाले कलाकार : निमार्ता–विवेक सिंह (पूर्व सैनिक), निर्देशक–यश यादव, गायक– अंकू उपाध्याय, आर्टिस्ट–डौली सिन्हा, कोरियोग्राफर–अभिषेक, डीओपी–गौतम

## खबर एक नजर में

### पटमदा में ग्राम प्रधान संघ भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



जमशेदपुर। पटमदा के बेलटांड़ बिरसा चौक स्थित जर्जर हो चुके तहसील कचहरी भवन को तोड़कर विधायक निधि से भव्य ग्राम प्रधान संघ भवन पटमदा का निर्माण होगा। सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने प्रखंड के सभी ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास जी ने प्रसन्नता से कहा की झारखंड मे पहली बार माननिय मंगल कालिंदी जी ने प्रधान लोगों को सम्मान देने का काम किया है। सचिव मृत्युंजय महतो ने कहा की जो काम माननिय मंगल कालिंदी जी कर दिखाया है ऐसा ना कोई किया है और ना कर सकता है। सुधीर चंद्र माझी ने कहा कि मंगल कालिंदी ही एक ऐसा विधायक है, जिन्होंने ग्राम प्रधानों का बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने का काम किया है। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्राम प्रधानों का सभी प्रकार का कार्य अब इस भवन से निष्पादित होगा. निर्माण 14 .50 लाख रुपये में होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो, सुधीर चंद्र माझी, संदीप मिश्रा, मुची राम कुंभकार, चंद्रशेखर टुडू, कालीपड़ो महतो, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, अश्विनी दास, आदि मौजूद थे।

### भूमिज समाज की पारम्परिक विधि से कराया गया सोमबारी और जगत का विवाह



**जमशेदपुर।** आदिवासी भूमिज समाज, एमजीएम संगठन के सक्रिय सदस्य सह मालियांता गांव के पारंपरिक लाया शंभू सिंह भूमिज के द्वारा उक्त गांव निवासी स्व. भीम सिंह की सुपुत्री सोमबारी सिंह की विवाह सोभादा गांव के निवासी जगत सिंह के साथ आदिवासी भूमिज समाज की रीति रिवाज के अनुसार संपन्न कराया। संगठन के सक्रिय सदस्य हरीपदो सिंह ने बताया कि हमारे आदिवासी भूमिज समाज में बाभुन (ब्राह्मणों द्वारा) विवाह संपन्न कराए जाने की कोई परंपरा नहीं है। हालांकि कालांतर में कुछ लोग बाहरी संस्कृति के संपर्क में आकर अपने संस्कृति से दूर होते जा रहे थे। लेकिन आदिवासी भूमिज समाज के द्वारा भूमिज समाज के बीच में एकबार फिर से पुनारजागरण का दौर आदिवासी भूमिज समाज के द्वारा चलाया जा रहा है। हमारे समाज में भूमिज विवाह की मान्यता है। भूमिज विवाह यानि जो गांव के पारंपरिक लाया द्वारा सम्पन्न किया जाता है। एम जी एम संगठन के सभी सक्रिय सदस्यों ने मिलकर उक्त भूमिज विवाह के समर्थन में आर्थिक सहयोग किया। मौके पर संगठन के सक्रिय सदस्य रथु सिंह, सतीश सिंह, हरिपदो सिंह, धनंजय सिंह, घासीराम सिंह, इत्यादि उपस्थित थे।

### बिना मुआवजे के एक इंच भी बढ़ने नहीं देंगे चांडिल डैम का जल स्तर : विनोद राय



**चांडिल।** रविवार को चौका हाय स्कूल मैदान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद राय के द्वारा ईंचागढ विधानसभा स्तरीय महाजनसंपर्क अभियान एवं लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दिया। विनोद राय ने राज्य में चल रहे हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन कि सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा चांडिल डैम बने 40 वर्ष हो गए अब तक यहां के विस्थापित दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने कहा हेमंत सरकार ने इस वर्ष चांडिल डैम का जलस्तर 185 मीटर करने का आदेश दिया है। विनोद ने कहा जब तक विस्थापित परिवारों को संपूर्ण मुआवजा नहीं मिलता तब तक 185 मीटर तो क्या 180 मीटर तक जल भंडारण नहीं करने देंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष विजय महतो, रांची ग्रामीण अध्यक्ष विनोद सिंह, मनोहर गोस्वामी, बोनु सिंह सरदार, रमेश हांसदा, आकाश महतो, अनिता पारित, युधिष्ठिर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भाजयुमो जमशेदपुर महानगर कमेटी का विस्तार,महामंत्री बने चंदन चतुर्वेदी

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने सोमवार को जिला अध्यक्ष गुंजन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी जी के सहमति से कमेटी में रिक्त पड़े स्थानों में अपनी कमेटी का विस्तार किया गया। कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर शशांक शेखर, नारायण महतो, जोगिंदर सिंह सोनू, राकेश चौबे, कोषाध्यक्ष पद पर विकास सिंह, कार्यक्रम समन्वयक सत्येंद्र रजक व भीम दास, विधि संयोजक विवेक सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, युवा जनसंपर्क अधिकारी अंकेश भुइयां, सह संपर्क प्रभारी लखी पदो दास, आईटी प्रभारी अविनाश मोहंती, ऋतुराज व मुकेश राज को बनाया गया।

### मुस्लिम महिलाओं ने केपीएस मानगो के पास राहगीरों को शरबत पिलाया



**जमशेदपुर।** सोमवार 1को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की महिला विंग के द्वारा गर्मी को देखते हुए मानगो, जवाहरनगर रोड नंबर 17 स्थित केरला पब्लिक स्कूल के पास आने जाने वाले राहगीरों के बीच शरबत और ठंडे पानी का वितरण किया। इस कार्यक्रम का शुभ आरंभ ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की महिला विंग की महिलाओं ने अपने हाथों से शरबत पीला कर किया। इस पुण्य कार्य में योगदान देते हुए वे सभी खुश थे। और संस्था के साथ मिल कर ऐसे कार्यों में आगे रहने की बातें कही। वहीं गर्मी से बेचैन शर्बत पीने वाले राहगीरों में स्कूल के छोटे बच्चों सहित ऑटो एवं बाइक चालक और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। वे सभी इस कार्य से काफी प्रभावित हुए और संस्था की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की महिला विंग के सदस्यों द्वारा सफल बनाने में मुख्य रूप से सहयोग दिया गया जिनमें नसीमा खातून, सजदा बेगम, बिलकीस परवीन, शमशाद बेगम, शहनाज और महजबीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजन में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक साइड आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसार, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, केरेला पब्लिक स्कूल के प्रेम नायर, डॉ ताहिर हुसैन, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, अजीज हसनैन, मेहबूब आलम, फिरोज असलम, शमशेर आलम, मोहम्मद हुजैफा आलम, डायरेक्टर अल्फा इंटरनेशनल स्कूल जयनगर कोडरमा और शमीम खान ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया और इस कार्यक्रम को कामयाब बनाया।

### विश्वकर्मा समाज के संरक्षक सदस्यों का बैठक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के संरक्षक सदस्यों का बैठक जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केन्द्रीय कार्यालय में केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा ने की। बैठक का संचालन समाज के महामंत्री सुजीत शर्मा ने की। उपस्थित सभी संरक्षक सदस्यों के अभिवादन के पश्चात समाज के कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा ने पिछले वित्तीय वर्ष के आय व्यय का संक्षिप्त ब्योरा पेश करते हुए समाज को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सलाह दिए। वहीं उपस्थित संरक्षक सदस्य बृज नंदन प्रसाद ने समाज को मजबूत और इसके मूल उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए बहुत सारे सलाह दिए। संरक्षक सदस्य जय नारायण शर्मा ने रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के संचालन करने पर जोर दिए और केन्द्रीय कमिटी को सकारात्मक पहल करने का संदेश दिए। वहीं राम सेवक शर्मा ने समाज के तत्कालीन क्रियाकलापों पर संतोष जताते हुए कमिटी को बधाई दी। संरक्षक रमेश शर्मा ने अपने उद्बोदन में समाज में चल रहे क्रियाकलापों की सराहनाझ की।

## आइआइटी दिल्ली के सहयोग से बीएसीइटी में वर्चुअल लैब पर सेमिनार संपन्न



जमशेदपुर। आईआईटी दिल्ली और बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के बीच महत्वपूर्ण अनुबंध के तहत वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन सोमवार किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियो को अपनी शुभकमनाएं दी। जिसमें आईआईटी दिल्ली से प्रतीक शर्मा आउटरीच कोऑर्डिनेटर, चंदन कुमार सीनियर फील्ड इंजीनियर और चिराग देय सीनियर फील्ड इंजीनियर मौजूद थेकइस कार्यशाला का उद्देश्य प्रोफेसर एवं छात्रों को वर्चुअल प्रयोगशाला की उन्नति और अनुप्रयोगों में प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना था। वर्चुअल लैब की मदद से साइंस और इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को इस फील्ड में ऑनलाइन प्रैक्टिकल परफॉर्म करने की सुविधा इस पोर्टल के माध्यम से मिलेगी। वर्चुअल लैब एक अनोखी पहल है जिसे कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से अमल में लाया गया है। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और भौतिक शास्त्र से संबंधित वर्चुअल लैब बारे विस्तार से बताया गया। वर्चुअल लैब का इस्तेमाल करके टीचिंग में बदलाव बारे बताया गया। इंजीनियरिंग के विभिन्न स्ट्रीम में विभिन्न प्रयोग का फायदा वर्चुअल लैब से हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन विभागा अध्यछ प्रो. कौशिक कुमार पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो.स्मृतिमयी नंदा ने किया।

# टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड की मान्यता प्राप्त यूनियन का नाम बदलेगा

**वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर। टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी की मान्यता प्राप्त यूनियन ने आज बारा प्लांट के कैंटीन में अपनी वार्षिक आमसभा की बैठक यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राकेश्वर पांडे ने कहा कि कंपनी के नाम परिवर्तित होने के पश्चात यूनियन को भी अपने नाम में परिवर्तन करना है जिसको लेकर कागजी प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है इसलिए यूनियन के संविधान में आंशिक संशोधन भी आवश्यक है। इस प्रस्ताव को आमसभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने संशोधन की स्वीकृति प्रदान की। राकेश्वर पांडेय ने कहा कि यूनियन मजदूरों के हितों को लेकर दृढ़ संकल्पित है, आने वाले अक्टूबर माह में ग्रेड रिवीजन भी देय है और यूनियन ने चार्टर ऑफ डिमांड भी प्रबंधन को पूर्व में ही सौंप दिया है। हम सभी लोग चाहते है की समय से ग्रेड रिवीजन संपन्न हो। यूनियन महामंत्री अमन सिंह ने यूनियन का वार्षिक**





**यूनियन के एजीएम को संबोधित करते राकेश्वर पांडेय।**

**प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखने का कार्य किया और कोषाध्यक्ष रमेश चौधरी ने आय व्यय का विवरण रखा। बैठक का संचालन दिनेश कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन त्रिदेव सिंह ने किया, बैठक में मुख्यरूप से यूनियन के संजीव सिंह, सचिदानंद, शशिवीर राणा, अनीश झा, आर रवि, रंजन मिश्रा, राकेश कुमार, रमेश चौधरी, प्रमोद उपाध्याय, बी डी सिंह, मनोज सिंह, हरी शंकर प्रसाद और सभी कर्मचारी उपस्थित थे।**

# महिला किसान अष्टमी महतो ने सब्जी की खेती कर सुधारी घर की आर्थिक स्थिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत, बड़ा सुसनी ग्राम की निवासी अष्टमी महतो अपने क्षेत्र में प्रगतिशील कृषक के रूप में पहचान रखती हैं। अष्टमी महतो बहुत ही सुलझी हुई घरेलु महिला होने के साथ-साथ एक सफल कृषक हैं। उनके खेत में जाने से ही यह अनुभव होने लगता है कि अष्टमी महतो आधुनिक तरीके की खेती से परिचित हैं। खेती-बाड़ी के इस तकनीक के अपनाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने में आत्मा पूर्वी सिंहभूम का अहम योगदान है। अष्टमी महतो विगत कई वर्षों से श्रीविधि से धान की खेती कर रही हैं। इसके साथ-साथ सब्जी जैसे लौकी, टमाटर, मटर, मूली, पालक, लालभाजी



आदि की खेती बहुत पैमाने पर करती हैं। वर्षों पहले उनके दादाजी के समय में एक तालाब की खुदाई की गयी थी उसी का जीर्णोद्धार कर सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था की है। वर्ष 2016 में आत्मा के कर्मी ने 35,000/- रू. का केसीसी लोन उनके पति के नाम से बैंक से स्वीकृत कराने में उन्हें सहयोग किया। पिछले 8 वर्षो से अष्टमी महतो किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन लेकर सब्जी उत्पादन के साथ-साथ मछली पालन कर मुनाफा कमा रही है और ससमय ऋण का चुकता करती जा रही है।

# बिरसानगर पीएम आवास में गृह प्रवेश दीपावली में करायेगा प्रशासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसके प्रथम चरण मे 3836 लाभुकों, दूसरे चरण में कुल



**तैयारी बैठक करते विशेष पदाधिकारी संजय कुमार।**

834 लाभुकों तथा तीसरे चरण मे 696 लाभुकों का आवास आवंटन उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर की अध्यक्षता मे किया जा चुका है। निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक मे वर्तमान में 1500 आवास पूर्ण करना है, जिसमें वैसे लाभुक जिनका प्रथम 20000/- रुपये एवं द्वितीय किश्त 101500/- रुपये प्राप्त हो गया को दिवाली से पहले शिफ्ट किया जायेगा। अतः सभी लाभुक अपना प्रथम एवं द्वितीय किश्त जल्द जमा करे ताकि जल्द ही उनका गृह प्रवेश कराया जा सके।

# 22 को आजसू का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी पार्टीः रामचंद्र सहिस

संकल्प दिवस पर सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर झंडा लगाये और सोशल मीडिया में शेयर करे : कन्हैया सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी 22 जून को पार्टी स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रुप में मनायेगी। स्थापना दिवस दो-दो विधानसभा को मिला कर किया जायेगा। 22 को पहला स्थापना दिवस समारोह गदड़ा मेन रोड स्थित मैरेज हॉल में दिन के 11 बजे से मनाया जायेगा। जिसमें जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र और पोटका विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसी तरह जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विस क्षेत्र के कार्यकर्ता एक साथ और घाटशिला व बहरागोड़ा



**बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।**

विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता एक साथ स्थापना दिवस मनायेंगे। पूर्व मंत्री सह वर्तमान में पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने बताया कि स्थापना दिवस के जरिए कार्यकर्ता झारखंड की मौजूदा हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लेंगे। इधर, 19 जून दिन सोमवार को आजसू पार्टी जिला समिति की बैठक निर्मल गेस्ट हाउस में हुई। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद सरवन सिंह सरदार ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा पिछले 4 वर्षो की सरकार के वायदे और उससे जुड़ी कमियों के साथ साथ सरकार के द्वारा लगभग सभी विभागों में हो रहे लूट और झूठ की उपलब्धियों की गिनती कराएंगे। प्रत्येक विधानसभा में जनपंचायत के माध्यम से सरकार की विफलताओं को जनता के बीच में रखेंगे। बैठक में रामचंद्र सहिस ने कहा की स्थापना दिवस पर अपने झंडे का सम्मान करने का संकल्प लेना होगा और सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि आप सभी अपने अपने घरों के ऊपर झंडा लगाए, क्योंकि आजसू आंदोलन की उपज है और हमे इसे साबित करने की जरूरत है। जिन उधेश्यो के लिए आजसू पार्टी की स्थापना हुई है उन उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुनः एक और आंदोलन करने जरूरत है और उसके लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। ताकि इस राज्य के सर्वांगीण विकास का सपना देखने वाली आजसू का सपना पूरा हो सकेगा। बैठक में जिला प्रभारी प्रो रवि शंकर मौर्या, चंद्रगुप्त सिंह, प्रणव मजूमदार, फनिभूषण महतो, संजय मलाकार, मुन्ना सिंह ब्रजेश, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, सोमू भौमिक, चंद्रेश्वर पांडेय, प्रमोद सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, अजय सिंह बब्बू, धर्मवीर सिंह, अशोक मंडल, सरवन सिंह सरदार, ललन झा, देवशीस चौधरी, अरूप मल्लिक, धनेश कर्मकार, हेमंत पाठक, मंगल टुडू, साहेब बगती, उमाशंकर सिंह, चंदन सिंह, मनोज मुखी, सोनू सिंह, अभय सिंह, प्रवीन प्रसाद, लक्ष्मुन्न बाग, समीर खान, कुंदन सिंह छोटू, सत्येंद्र यादव, राजू प्रजापति, सुमित कुमार, समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### फरार अभियुक्त के घर चैनपुर पुलिस ने साटा इश्तहार



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना पुलिस ने नवंबर 2022 से फरार चल रहे अभ्युक्त के घर इश्तहार चिपकाया है। चैनपुर थाना के एस आई प्रेमचंद हांसदा ने चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेउरा निवासी अवधेश सिंह पिता स्वर्गीय राजकेश सिंह एवं आशा कुवंर पति स्वर्गीय दिनेश सिंह के घर फरारी का इश्तहार चिपकाया है। इन दोनों पर चैनपुर थाना में को दर्ज किया गया था। जिसमें यह दोनों अभियुक्त फरार चल रहे हैं। पुलिस के द्वारा काफी प्रयास किए जाने के बावजूद भी ये दोनों अभियुक्त पुरुष के समक्ष उपलब्ध नहीं हुए हैं। ना ही न्यायालय में अपने आप को समर्पण किया है। इसे देखते हुए पुलिस ने इश्तहार चिपकाया है।

### पशु तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल



**रामगढ़।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत टोला भटवाजरी में सलाहुतील मियां पिता स्व रसूल मियां जो चैनपुर थाना के चांदो का निवासी है उसे रविवार को सुबह 8 बजे अवैध रूप से 12 मवेशियों को ले जाते हुए ग्रामीणों ने देखा तो इसकी तत्काल सूचना रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय को दी थाना प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 12 मवेशियों को जप्त कर ग्रामीणों को जिम्मा सौंपा और पशु तस्कर सराहुतिल मियां को गिरफ्तार कर सोमवार सुबह जेल भेज दिया गया।

### खाटू श्याम का दर्शन करने पैदल जाते युवक का सतबरवा में स्वागत



**सतबरवा।** मध्य प्रदेश निवासी बिरेन सिंह ठाकुर का स्वागत समाजिक कार्यकर्ता आशिष सिन्हा के नेतृत्व में सतबरवा स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप सोमवार को किया गया। बिरेन सिंह ठाकुर हाथ में भगवान श्रीकृष्ण का झंडा लेकर पैदल खाटु श्याम मंदिर का दर्शन करने राजस्थान जा रहा था। मौके पर बिरेन ने बताया कि मेरी तीन वर्षीय पुत्री यशु को गिर जाने से ब्रेन में चोट आ गया था जिसके कारण वह गंभीर थी। डॉक्टर ने जवाब दे दिया था कि वह ठीक नहीं हो सकती है। लेकिन मैंने खाटु श्याम से मन्नत मांगी थी कि मेरी बेटी ठीक हो जाएगी तो पैदल चलकर दर्शन करूंगा। मन्नतें पूर्ण होने पर मैं बीते 15 जून को रांची से राजस्थान के लिए पैदल निकला हूं। रास्ते में लोगों का सहयोग मिल रहा है। बिरेन सिंह रांची में रहकर व्यापार करते हैं। एक माह के अंदर खाटु श्याम मंदिर पहुंचने का लक्ष्य है। मौके पर सतेन्द्र प्रसाद, शंकर सोनी, पंसस अशोक राम, बिरेंद्र कुशवाहा समेत कई लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जपला छतरपुर मुख्य सड़क के संढ़ा गांव के पास बाइक सवार एक युवक का टक्कर आगे जा रही ट्रैक्टर में हो गयी जिसमे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक सड़क पर बाइक से चल रहा था उसी क्रम में अचानक ट्रैक्टर के मुड़ने से बाइक सवार युवक का ट्रैक्टर के टाली में टक्कर हो गया। स्थित गम्भीर देखते हुए सदर रेफर कर दिया गया, घायल युवक पांडु के बेलहारा गांव निवासी 20 वर्षीय छोटू यादव बताया जा रहा है।

### 3 लाख का गहना समेत नगद की चोरी



**हुसैनाबाद पलामू।** रविवार को बीते रात्रि गर्मी से परेशान महिलाएं छत पर सोई हुई थी तभी चोरों ने पूरा घर कर दिया खाली तीन लाख की गहना जेवर समेत 10 हजार नगद किया चोरी,मामला थाना क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत अंतर्गत मझिआंव कि हैं इस सबन्ध में पीड़ित चंद्रमा सिंह,व उर्मिला देवी ने अहले सुबह थाना पंहुच कर अपना आप बीती सुनाई एवं चोरी की घटना का लिखित शिकायत दर्ज करवाया। आवेदन में चंद्रमा सिंह ने बताया कि मैं घर पर नही था घर मे केवल महिलाएं मेरी पत्नी उर्मिला देवी व तीन बहुएं थी जो गर्मी से परेशान होकर सभी लोग रविवार को रात्रि खाना पीना खाने के बाद छत पर सोई हुई थी सुबह जब देखा का तो घर के सभी दरवाजा खुला हुआ हैंऔर समान इधर उधर बिखरा हुआ हुआ है जिसमे बक्सा, अटैची एवं ट्रॉली वाला बैग समेत सभी समान गायब हैं। जिसमें गहना जिसकी कीमत लगभग तीन लाख से ज्यादा एवं 10 हजार रुपये नगद घर मे रखा हुआ था गायब हैं। थोड़ी देर में गांव के पश्चिमी दिशा में एक खेत मे चोरी की हुई सभी बक्सा व वीआईपी अटैची बिगा हुआ था जिसमे सभी सामान खाली थे। आवेदक के लिखित सूचना पर पुलिस घटना के तापतिष में जुट गई हैं।

### कौशल विकास शिविर में हो रहा खानापूर्ति : प्रमुख




**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में संकल्प योजना के तहत सोमवार को कौशल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान भड़क उठे उन्होंने अपना माइक को फेंक दिया और कहा कि कौशल विकास शिविर में केवल खानापूर्ति किया जा रहा है प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण शिविर में लोगों की उपस्थिति नहीं हुई। अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रही। जल्दीबाजी में भीड़ जुटाने के लिए प्रशिक्षण प्रभारी ने प्रखंड एवं अंचल में अपने काम को लेकर पहुंचे ग्रामीणों को नाश्ता देने के नाम पर बैठा रहे थे। प्रशिक्षण के नाम सरकारी राशि निकालने के लिए सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। क्षेत्र में किसी को कार्यक्रम जानकारी नई दी गई है। जिस कारण संबंधित योजना से संभावित लाभार्थियों की संख्या नहीं पहुंची है। आनन-फानन में लोग आज ही कुछ कुछ पंचायत प्रतिनिधियों को फोन कर बुलाया है। हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षकों के द्वारा नाश्ता दिखाने के बाद भी भीड़ नहीं आया। इस तरह का कार्यक्रम सरकारी योजना के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

### पांडू बीडीओ का गाड़ी हुआ क्षतिग्रस्त असंतुलित हो कर जा गिरा नाले में



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटन पदुमा मुख्य सड़क पर घोरी घाट बाजार मोड़ पर पांडू बीडीओ की वाहन असंतुलित हो कर नाले में पलट गई। वाहन को पांडू प्रखंड के नाजिर गोविंद सिंह के द्वारा चलाया जा रहा था उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह खजूरी में अपने रिश्तेदार के यहां गए थे वही लौटने के क्रम में घोरी घाट बाजार के पुल पर अचानक से सामने से एक बोलेरो आ गई बच बचाव के चक्कर में गाड़ी असंतुलित होकर घोरी घाट पुल से नीचे जा गिरा। जब इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा नावा जयपुर थाना को दी गई तो मौके पर है थाना एसआई मुकेश कुमार पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से गाड़ी को उठाया। वाहन में 3 लोग सवार थे, सभी सुरक्षित है।

### मानवाधिकार आयोग ने ठगी गयी दो बहनों का लिया संज्ञान

**मेदिनीनगर।** मानवाधिकार आयोग ने मेदिनीनगर और गढ़वा की बहनों के साथ हुई लाखों की ठगी के मामले में संज्ञान लेते हुये संज्ञान लिया। मालूम हो कि नौकरी का झांसा देकर jsuidin नामक संथा के करता धर्ता सतेंद्र त्रिपाठी (यूपी) और उसके पर्सनल सेक्रेटरी प्रियांशु उर्फ सनोज कुमार (पलामू ) ने पलामू से करोड़ों रुपये लेकर रातों रात गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सिलसिले में मानवाधिकार आयोग के सचिव अरशद अहमद अपने टीम के साथ खनवां निवासी आएशा खातून और रवीना खातून तिल्दाग से पूरी जानकारी ली।

## विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों को विधायक ने किया सम्मानित

# समाज व जनहित में काम करनेवाले सम्मान के पात्र : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता


सम्मानित किए गए लोगों के साथ पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता।

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में समाज के प्रति अग्रणी भूमिका निभाने वाले कई महिला एवं पुरुष शामिल हुए थे। सभी को विधायक डॉ मेहता ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले ऐसे ही लोगों के कारण ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। यही कारण है कि वैसे लोगों का मान सम्मान बना रहे इसके लिए वे सम्मान समारोह का आयोजन किए हैं। विधायक डॉ मेहता ने कहा की जो भी व्यक्ति समाज हित और जनहित के लिए काम करेगा वह सदैव सम्मान का पात्र है। विधायक ने जिन लोगों को सम्मानित किया उनमें शहीद के पिता बालेश्वर साव जनसंघ काल से जुड़े भीमानंद गिरी, जल सहिया जिला अध्यक्ष रिंकी देवी, मनातू अध्यक्ष इंदु देवी, पाकी अध्यक्ष कलावती देवी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनिल गिरी शैलेश वर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, अनुग्रह नारायण सिंह, सुषमा देवी, आंगनवाड़ी के पूनम देवी, विभा देवी के साथ-साथ सेवानिवृत्त शिक्षक रामदेव साहू, भाजपा के त्रिलोकी प्रसाद, राम स्वरूप सिंह साधु मांझी आदि को अंग वस्त्र एवं हौट केतली देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लाला प्रसाद यादव, अजीत गुप्ता, भीम शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## छोटू हत्याकांड में पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार, संदेह से उठाया पर्दा

# आपसी दुश्मनी के कारण हुई थी हत्या : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में स्थित चाउमिन बिक्रेता छोटू कुमार उर्फ नन्हकू को अपराधियों ने 12 जून को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में सत्ता पक्ष व विपक्ष राजनीतिक दल के बीच काफी उठापटक एवं आरोप प्रत्यारोपण चलता रहा। इन सारी बिंदुओं पर पटाक्षेप करते हुए पुलिस ने हत्या में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर संदेह पर से पूरी तरह से पर्दा उठा चुकी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छोटू की हत्या किसी राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं की गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक छोटू का दुकान यात्री शेड में चलता था और उसके बगल में उसके पिता भी दुकान चलाया करते थे। दोनों काफी मनबढ़ू थे। बात बात पर उलझ जाना उनकी नियति बन चुकी थी। इस मामले में रोहित सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि हत्याकांड में शामिल शनि कुमार सोनी उर्फ गोलू एवं सुजीत कुमार उर्फ बितन दोनों लेस्लीगंज के निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयोग किया गया बाइक जेएच03जेड 9708 को जब्त किर लिया गया है। रोहित सिंह कई मामले में जेल जा चुका है। उसने मृतक से किसी बात को लेकर बदला लेने के लिए सुजीत कुमार को विश्वास में लेकर मृतक के साथ नशापान करने को कहा। जबकि सुजीत मृतक के साथ ही सोता था। जब मृतक काफी नशे में हो गया तो रेहित सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे गोली मारकर हत्या कर दिया। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, थाना प्रभारी गौतम कुमार राय व अन्य शामिल थे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर : सिद्धार्थनाथ सिंह

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी ले रहे : बीडी राम

पाटन में भाजपा ने किया लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** भाजपा सरकार द्वारा जनहित में किये गये प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर पाटन प्रखंड के भाजपा कार्यालय में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन भाजपा अध्यक्ष संजय सिंह ने की व संचालन जिला महासचिव श्याम बाबू ने किया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के किये गये कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार के योजनाओं का लाभ लोग ले रहे हैं। सांसद बीडी राम ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा किए गए नौ साल के कार्य को जनता से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के उंचाईयों को छू रहा है। पीएम के नेतृत्व में जनता के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ लाभार्थी ले रहे हैं। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पाटन छतरपुर विस क्षेत्र में केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में पुर्व सांसद मनोज कुमार ने भी उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर गणेश मिश्रा, प्रमंडलीय प्रभारी विनय जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, उदय शुक्ला, प्रभात कुमार, अशोक तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, अरविंद सिंह, उमेश सिंह, यमुना सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, अभिषेक सिंह, गौतम सिंह, चंदन दूबे समेत सभी मंडल अध्यक्ष एवं पाटन के सभी जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राहुल के जन्मदिन पर पलामू कांग्रेस ने पौधा वितरण कर पर्यावरण को बचाने का दिया संदेश

# पौधा लगाने से पृथ्वी का पर्यावरण रहेगा संतुलित : बिट्टू

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर एवं 100 लोगों के बीच पौधा वितरण कर किया गया। कांग्रेसियों ने लोगों को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा पेड़-पौधे से ही हमारा पृथ्वी का पर्यावण संतुलित रहेगा। पलामू में पेड़ों की कटाई से वनों का अस्तित्व मिट रहा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे है। कोयल, अमानत, औरंगा, सदाबह, बटाने, पुनपुन में अब बरसात के दिनों में ही पानी रहती है। राहुल के जन्मदिन पर संकल्प लेने की जरुरत है कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मानसून में दो पौधा स्वयं लगाएंगे और कम से कम दो लोगों से दो-दो पौधा लगवाने का कार्य करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने ब्रिजीनिया सिस्टर, सिस्टर इग्नेशिया, पंडित मनोज मिश्रा, नैयर रहमान बॉबी वालिया को पौधा प्रदान किया गया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद राइन, मुकेश सिंह, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, रुद्र शुक्ला, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, शेर खान, मीर खुर्शीद आलम, प्रमोद सिंह, शैलेश मेहता, नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, मिट्ठू खान, हर्ष साहनी, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नंदकिशोर मिश्रा, नफीस खान, देवांग शुक्ला, अशोक पासवान, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, अनिल सिंह, अंजु देवी, चंद देवी, निर्मला कुंवर, सावित्री देवी, रिंकी देवी, पूनम देवी, अभय पांडे, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र राम, रंजीत पासवान आदि मौजूद थे।

# महिला ने लगायी फांसी

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना अंतर्गत रामगढ़ के निमसी टोला में तवसूम खातून 28 वर्ष पति हाजिर अंसारी ने रविवार शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता का कहना है की मेरी बेटी को मारपीट हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया है यह हत्या है और आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। पिता मुनीर उद्दीन अंसारी ने कहा कि मेरी बेटी का विवाह 12 वर्ष पहले हाजिर अंसारी पिता स्व सराज मियां के बेटे के साथ शादी हुई थी पहले भी मेरे बेटी के साथ मार पीट करता रहता था और जान से मार देने की धमकी देता था मृतक का एक 3 वर्ष का पुत्र भी है। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया रामगढ़ थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक के परिजन अभी तक कोई भी लिखित आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने के पश्चात अनुसंधान कर दोषी पाए जाने वाले पर उचित कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज की प्रशिक्षु शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

# अच्छी गुणवत्ता ही लोकल प्रोडक्ट को स्थायित्व देगी : अनुपमा

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** आनंद शंकर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित चियांकी स्थित ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत के बढ़ते कदम के तहत वोकल फोर लोकल कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बीएड कॉलेज की सभी प्रशिक्षु शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर छात्राओं ने लोगों के बीच श्लोगन व पर्चा वितरण किया। जागरूकता अभियान रैली महाविद्यालय से निकलकर रेड़मा, कचहरी चौक, छह मुहान पहुंचा। छात्राओं ने तख्ती लिये स्वदेशी सामानों को खरीदने, अपनाने व प्रचार प्रसार करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। मौके पर प्राचार्या अनुपमा गुप्ता ने कहा कि कोरोना न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। लॉक डाउन होने के कारण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के लिए कदम बढ़ाते हुए वोकल फॉर लोकल पर ध्यान देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी ब्रांड को छोड़कर लोकल सामान खरीदने की जरूरत है। अच्छी गुणवत्ता ही लोकल प्रोडक्ट को स्थायित्व देगी। मौके पर छात्राएं व शिक्षिकाएं शामिल थे।

### ज्ञान निकेतन का छात्र आइआइटी मेंस में सफल



**मेदिनीनगर।** विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल का छात्र हैन्सी आर्यन ने आई.आई.टी. मेंस में सफलता प्राप्त की है। उसे कैटेगरी रैंक 567 तथा ऑल ओवर रैंक 4867 प्राप्त हुआ है। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पाण्डेय, सचिव सत्येन्द्र कुमार प्रशासक राम कृपाल सिंह शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल तथा विद्यालय प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बधाई दी है तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। हैन्सी आर्यन, स्व भूपेश कुमार और कुमारी अर्चना का द्वितीय पुत्र है। उसने इसी वर्ष विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल से 95.2 % अंक के साथ बारहवीं की सीबीएसई परीक्षा पास की है। उसने बताया कि वह आई.आई.टी. दिल्ली में ऐडमिशन लेना चाहता है। वह सिविल इंजीनियर बनना चाहता है। हैन्सी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता के साथ स्कूल के सभी शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने उसका सही मार्गदर्शन किया।

### राहुल ने जूडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



**मेदिनीनगर।** मधुपुर में झारखंड जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राहुल कुमार गुप्ता पलामू का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 18 में वर्ग 55 केजी से खेलते हुए पलामू को गोल्ड मेडल दिलवाया। राहुल द कराटे एकेडमी का छात्र है और वो प्रति दिन एकेडमी में जूडो का अभ्यास करता है ताकि वो प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम ला सकें। राहुल का सपना है की वो ओलंपिक खेल में जा कर भारत के लिए मेडल ला सके। इस जीत से राहुल के माता पिता और बड़ा भाई बेहद प्रसन्न है। मौके पर पलामू जिला जूडो संघ के सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि 17 जून को मेदिनीनगर शहर से जूडो के तीन खिलाड़ी अश्विन कुमार, राहुल कुमार गुप्ता और काजल अपने अभिभावक के साथ मधुपुर के लिए रवाना हुए थे। काजल और अश्विन ने अपना बेहतर प्रयास किया। वही राहुल ने अपने प्रतिद्वंदी को धूल चटाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। राहुल राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जितने के पश्चात गोवाहाटी में राष्टीय जूडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### विश्व योग दिवस के अवसर पर शिवाजी मैदान में योगाभ्यास कल

**मेदिनीनगर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जिले के पदाधिकारी, कर्मचारी सहित स्कूली विद्यार्थी भाग लेंगे। आमजनों से भी इस योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेकर योग करने की अपील की गई है। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सभी को स्वस्थ मन से योग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कार्यक्रम में प्रातः 6 बजे पहुंचकर अपना स्थान सुनिश्चित करा लें। योग का कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगा।

# मोदी सरकार की योजनाओं से सभी लोग लाभान्वित हुए है : सिद्धार्थ

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र सरकार की नौ साल बेमिसाल होने पर भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, इस कड़ी में सोमवार को शहर के रिद्धि सिद्धि होटल परिसर में लाभार्थी सम्मेलन का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उतर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि सिद्धार्थ नाथ सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, कार्यक्रम प्रभारी बिनोद सिंह, अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, विनय जैसवाल, विभाकर पांडेय, कामेश्वर कुशवाहा समेत कई लोगों ने माल्यार्पण कर किया। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा की मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा पूरे देश में जनसंपर्क अभियान चला रही है, सरकार की योजनाओं से सभी लाभान्वित हुए है।

# अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर सब स्टेशन के सामने धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने युवा समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित विद्युत सब स्टेशन सह कार्यालय के सामने बिजली विभाग के प्रति आक्रोश प्रकट करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। धरना में शामिल आक्रोशित लोग के हाथों में विभिन्न नारा लिखा तख्ती लिए थे। इनमें बिजली नहीं तो बिल नहीं, बिजली विभाग होश में आओ, बिजली विभाग हाय-हाय, मुदार्बाद आदि नारे शामिल हैं। वही समाजसेवी राजीव रंजन ने बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा 15 दिनों के अंदर बिजली आपूर्ति का संचालन सुचारु रुप से नहीं हुआ तो व्यापक रूप से आगे भी आंदोलन होगी।बाद में कार्यक्रम के दौरान धरना स्थल पर आए विद्युत विभाग के कर्मी अनिल कुमार सिंह को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में 22 घंटे बिजली आपूर्ति करने, जर्जर तार व पोल को बदलने, जेई को हरिहरगंज में रहकर ड्यूटी करने एनएच 98 पर लगे पोल व तार को सड़क से किनारे लगाने आदि मांग शामिल है। इस अवसर पर विश्वजीत कुमार, अनुज कुमार, मनोज मेहता, कृष्णा साव, शंभू यादव, राजेश रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, मो डायमंड, उदय मेहता, अवधेश मिश्रा, गोपाल प्रसाद गुप्ता, इंद्रदेव राम, जितेंद्र मेहता, दिनेश पासवान, राजेश कुमार, शंकर चौधरी, रामरूप चौधरी, मृत्युंजय पासवान, गिरवर, पवन, राहुल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थें।

# दरूआ गांव का मजदूर मजदूरी के लिए केरल जा रहा था, बीच रास्ते से भटका, परिजन परेशान

10 जून को घर से मजदूरी करने के लिए केरल जाने के लिए निकला था

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतबरवा पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी मंगर उरांव (30) पिता भुनु उरांव बीते 10 जून को घर से मजदूरी करने के लिए केरल जाने के लिए निकला था।

जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मानसिक संतुलन खराब हो गई जिसके कारण वह भटक गया। परिजनों के मुताबिक रास्ता भटकने के बाद उड़ीसा से एक ट्रक ड्राइवर ने अपने मोबाइल फोन से 17 जून को घरवालों से बात करवाई थी। फोन पर पत्नी से उसने जल्द घर लौटने की बात कही थी लेकिन वह अभी तक घर नहीं पहुंचा है। मंगर उरांव के दो पुत्र और एक पुत्री है। इस घटना से घर के सभी सदस्य काफी परेशान हैं। परिजनों ने मंगल उरांव की खोजबीन करने के लिए जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं धावाडीह के समाजिक कार्यकर्ता उमेश यादव ने सोमवार को मंगर उरांव के घर पहुंचकर परिजनों को आर्थिक मदद भी की। वहीं खाने के लिए राशन उपलब्ध कराया। उन्होंने परिजनों को दिलासा दिलाते हुए कहा कि मंगर उरांव जल्द से जल्द सकुशल घर लौटेगा। इसके प्रयास किया जा रहा है।

## जन कल्याण ट्रस्ट ने किया ग्लूकोज और ओआरएस का वितरण

# धूप से बचने के लिए सिर पर तौलिया लेकर चलें : अजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के तलैया पंचायत अयोध्या कोलुआ कला में जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय सदस्य गीता देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच ओआरएस प्लस गुलकोज का वितरण किया गया।

मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान, वरीय सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे मौजूद थे। मौके पर जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि इन दिनों पलामू जिला गर्मी और धूप से तप रहा है। लोग पानी के लिए बेहाल हैं यह चिंता का विषय है। हमें जरूरत है गर्मी और लू से बचने की। उन्होंने कहा कि हमें घर से बाहर निकलते समय सिर पर तौलिया लेकर चलना चाहिए। ताकि धूप से बचा जा सके। कहा कि लोग अनावश्यक धूप में घर से बाहर नहीं निकलें।

मौके पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि प्रचंड लू चल रहा है मानव जीवन के लिए खतरा मंडरा रहा है। इससे बचने की जरूरत है। उन्होंने ओआरएस के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। मौके पर नंदलाल दुबे ने, महिला अध्यक्ष गीता देवी ने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में सोनम देवी, रुचि देवी, कांति देवी, विद्यावती देवी, नागवंशी देवी, बानो देवी समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### इंटक के जिलाध्यक्ष बने इमरान आजाद



**सेन्हा-लोहरदगा।** राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु निवासी इमरान आजाद को कांग्रेस पार्टी द्वारा इंटक का जिला अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व का निर्देश पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस कमेटी इंटक के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु निवासी इमरान आजाद को लोहरदगा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि जिला और प्रखंड स्तर में यथाशीघ्र कमेटी का गठन करते हुए संगठन का विस्तार करे। उन्हें पूर्व विधायक सुखदेव भगत, जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, मोहन दुबे, सुनीता कच्छप, खालिद अन्सारी, अख्तर अंसारी, रविंद्र सिंह, संतोष उरांव, प्रभात भगत, नंदकिशोर शुक्ला, अरुण वर्मा, अनीस अहमद ने बधाई दी।

### चैनपुर : युवक ने लगायी फांसी, मौत



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के डहुडड़गांव निवासी लालजीत लोहरा पिता स्व सुधीर लोहरा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात की है। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर में किसी प्रकार का विवाद नहीं था हर दिन की भांति हम लोग खाना खाकर सो गये। जिसके बाद वह देर रात घर से निकलकर कुछ दूर पर जामुन के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह लोग टहलने के लिए निकले तो शव को देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### बॉक्साइट माइंस लीजधारी पर समुचित कार्रवाई नहीं हुई तो 23 को होगा प्रदर्शन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति बिशुनपुर के तत्वधान में ब्लास्टिंग के दौरान मजदूर गुलशन मुंडा की मौत के मामले में बॉक्साइट माइंस लीजधारी की गिरफ्तारी व दोषियों पर समुचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 23 जून को जिला मुख्यालय गुमला में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेगी। 19 जून को बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति द्वारा डीसी को दिया जाने वाला मांग-पत्र अब 23 जून को ही आक्रोश प्रदर्शन के बाद दिया जायेगा।

### ससुरालवालों ने बहू को खिलाया जहर



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में ससुराल वालों ने षड़यंत्र के तहत अपने ही बहु को जबर्दस्ती जहर खिला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना रविवार रात्रि लगभग 11:30 बजे की है। महिला रजीना खातुन ने अपने ससुराल वाले के विरुद्ध जहर खिलाने का आरोप लगाते हुए बोली कि छोटी छोटी बातों को लेकर अक्सर घरेलू विवाद होता था। जिसमें कई बार अंजुमन इस्लामिया अरु एवं गणमान्य लोगों के पहल से समझौता भी किया गया था। परंतु महीना दो महीना के बाद सास ससुर एवं ननद पूर्व की भांति लड़ाई झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। काफी समय बीतने के बाद ससुराल वाले पहले जैसा ही दुर्व्यवहार एवं मारपीट करने लगे। महिला का फुफेरा भाई फिरोज अंसारी गांव में ही रहता है। जिसने अपनी ममेरी बहन को जहर देने का आरोप लगाते हुए तीन नामजद के विरुद्ध कानूनी कारवाई हेतु थाना में गुहार लगायी है।

### चैंबर का रिनुअल शुल्क तीन से पांच सौ व आजीवन सदस्यता शुल्क सात हजार

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित स्थानीय चेंबर कार्यालय में चेंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक संपन्न हुई। मासिक बैठक में 9 जुलाई को वार्षिक आमसभा बुलाने पर सहमति बनी तथा अगले सत्र से चेंबर का सालाना रिनुअल शुल्क 300 से बढ़ाकर 500 करने, आजीवन सदस्य का 4000 से बढ़ाकर 7000 तथा नये सदस्य के लिए वार्षिक 500 की जगह 800 लेने पर सहमति बनी। आगामी आम सभा में गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक चुनाव की तिथि तथा चुनाव से संबंधित अन्य कार्यों की तिथि निर्धारण करने पर सहमति बनायी गयी। मौके पर वर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, महेश लाल, मो सब्बू, निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केसरी, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष हनी मंत्री, अमित मंत्री गोलू, मुन्नी लाल साहू, रितेश कुमार, प्रणय कुमार, राजू श्रीवास्तव, आदित्य गुप्ता, राहुल केसरी भी थे।

### आजीविका संवर्धन परियोजना स्तरीय अभिसरण बैठक का आयोजन



**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को गरीब एवं सीमांत किसानों का आजीविका संवर्धन परियोजना स्तरीय अभिसरण बैठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम कैरो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बीपीएम जेएसएलपीएस, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, प्रखंड समन्वयक पीएमएजी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, रोजगार सेवक, ग्रामीण किसान, वेज सदस्य एवं परियोजना कर्मी शामिल हुए।

### 22 जून को संकल्प दिवस के रूप में मनेगा आजसू का स्थापना दिवस



**गुमला।** जिला आजसू पार्टी की बैठक सोमवार को स्थानीय परिसदन में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 22 जून को रौनियार धर्मशाला पालकोट रोड गुमला में आजसू के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। गुमला जिला के संकल्प दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवसरण भगत रहेंगे। झारखंड राज्य अलग होने के बाद भी यहां के निवासी अपने को ठगा हुआ महसूस करते हैं। क्योंकि सरकार ने जितने भी वादे किये वे सब खोकला साबित हो रहा है। आजसू पार्टी जनपंचायत के माध्यम से जनता के समक्ष सरकार का पोल खोलेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा के सभी पार्टी के जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी, अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, एसटी मोर्चा, एस सी मोर्चा, छात्र संघ, मजदूर यूनियन एवं तमाम कार्यकर्ता संकल्प दिवस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया योजनाओं का लाभ : सुदर्शन भगत

■ भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय लोहरदगा विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी सदर प्रखंड कार्यालय स्थित टाउनहॉल में विधानसभा स्तरीय लोहरदगा विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और मुख्य वक्ता पूर्व विधायक सह भाजपा एसटी मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा शामिल हुए।

लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की संख्या इतनी है कि एक बार में उसकी व्याख्या करना असंभव भाजपा विकास करने वाली पार्टी है इसका प्रमाण आमजनमानस ने दिया है। विगत 9 वर्षों से लगातार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब, किसान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा, सामाजिक, आर्थिक, महिला, युवा, वृद्ध सहित सूदूर क्षेत्र में निवास करनेवाले अंतिम व्यक्ति लाभान्वित किया है। आज हर गरीब व्यक्ति का पांच लाख बीमा, महिलाओं के नाम घर, राशन कार्ड, शौचालय, स्वयं सहायता समूह, जनजातीय क्षेत्र जनजाति महिला को सशक्त करने के लिए छोटी-छोटी उद्योग से जोड़ने का कार्य किया उसी का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे ही क्षेत्र से रागी लड्डू जो आज वैश्विक व्यापार में अपना पहचान बनाने वाली है। हमारे जनजाति क्षेत्र के बच्चे कैसे शिक्षित हो उसके लिए हर प्रखंड में एकलव्य विद्यालय की व्यवस्था बनायी गयी है जिसमें बच्चों के रहने से लेकर खाने तक की व्यवस्था की गयी है जो विगत 70 वर्षों में नहीं हुआ आज वह आदिवासी क्षेत्र के लिए मोदी जी ने योजना बनाई है। सड़कों का जाल सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंच चुका है जहां कि आज एक आम किसान अपनी उपज की सही मूल्य पाने के लिए किसी भी दूरी को आसानी से तय कर सकता है वही 2014 से पहले लोग अपनी उपज को सही पथ नहीं होने से दूसरे स्थानों पर अपने मेहनत को नहीं पहुंचा पाते थे।



लोहरदगा में लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते सांसद व उपस्थित अन्य।

■ जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के दम पर है वैश्विक महामारी में भारत की जनता की सुरक्षा की जा सकी उदाहरण स्वरूप खाद्यान्न ,वैक्सीनेशन स्वास्थ्य उपचार, महिलाओं के अकाउंट में आर्थिक सहयोग सहित अन्य वहीं झारखंड सरकार में केवल सभी योजनाओं में पंचायत से लेकर प्रखंड जिला के दफ्तर में भ्रष्टाचार के सिवाय आम जनता को कुछ लाभ नहीं हो रहा है। मौके पर ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत ने किया।

■ शिवशंकर उरांव ने कहा कि आज हमारे केंद्र की सरकार का नेतृत्व कर रहे हो नरेंद्र मोदी जी गरीबी में होने वाली पीड़ा को जानते हो उन्होंने अपनी मां की कष्ट को देखा है इसीलिए वर्तमान में आजादी के बाद योजनाओं का निर्माण और निष्पादन सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ धरातल पर किया जा रहा है।

■ ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्रीय भाजपा सरकार हमारे धरोहर और संस्कृति की चिंता करने वाली है जिसकी आजादी के बाद नेतृत्व करने वाली सरकार वोट बैंक की भ्रम की नीतियों के तहत षड्यंत्र कर नष्ट करने की कोशिश धरातल पर कर रहा था। आज भारत के राम मंदिर का निर्माण काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर उज्जैन मंदिर कॉरिडोर शहीद शहीदों का सम्मान में बने कई द्वीप स्मारक उदाहरण है।

**ये रहे उपस्थित :** पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, महाजनसंपर्क अभियान जिला संयोजक राजकिशोर महतो, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष, ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, टिंकू राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला, सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, मनीष शिखर, रितेश कुमार साहू, सजल कुमार, राजेश कुमार मिश्रा, दिलीप पटनायक, लक्ष्मी नारायण भगत, नवल साहू, ओम प्रकाश गुप्ता, मनी रतन भगत, विनोद सिंह, पुणई उरांव, बिगल मुंडा भी थे।

कार्तिक व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर कांग्रेस का जन भारत सत्याग्रह

# गला काट राजनीति के इस दौर में उनके आदर्श प्रेरणादायी: बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लिट्टा टोली स्थित स्व. कार्तिक व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी गुमला के द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने की। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि स्व कार्तिक उरांव के कार्यों को हमें याद करना चाहिए। व्यक्ति अपने काम से ही याद किया जाता है और वह सदा स्मृतियों में बना रहता है।



जन भारत सत्यग्राह कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

आज की गला काट राजनीति के दौर में उन्हें इस लिहाज से भी याद करना जरूरी हो जाता है कि ऐशो आराम की जिंदगी छोड़ राजनीति में आए तो अपने लिए एक मकान भी नहीं बनवा सके। फिर सत्तर के दशक में चुनावी राजनीति में आए और पहली बार असफलता के बाद दूसरी बार कामयाब हुए। पर राजनीति उनके लिए अपने विकास की सीढ़ी नहीं थी।

उन्होंने आदिवासियों के विकास को हमेशा ध्यान में रखा। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि उन्होंने अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की स्थापना की और उसके पहले संस्थापक अध्यक्ष बने। पड़हा व्यवस्था को दुरुस्त किया। सरना कोड की मांग उठी।

■ जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार का हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किया जाना बहुत ही निंदनीय है। लोकतंत्र खतरे में है। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भाजपा खत्म करने का प्रयास कर रही है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने के लिए हमें हर वक्त तैयार रहना है।

# शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मैट्रिक के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के मैट्रिक परीक्षा 2022- 23 में उत्कृष्ट परीक्षा फल प्राप्त करने वाले भैया बहनों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, समिति सदस्या शोभा देवी, जिला जनजातीय मंच के प्रमुख लक्ष्मी नारायण भगत, समिति सदस्य पुष्कर महतो, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं दसवीं कक्षा के मेधावी भैया बहनों के अभिभावक बंधु भगिनी विशेष रूप से उपस्थित हुए। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय कराते हुए कहा कि भैया बहनों के लिए यह प्रेरणा का दिन है। वर्तमान भैया बहन इसी तरह श्रेष्ठ परीक्षा फल लाकर विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे। सम्मानित हुए भैया बहन अपनी आगामी शिक्षा में विद्या मंदिर के संस्कार को आगे बढ़ायेंगे। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिका।

**खास बातें :** कार्यक्रम की भूमिका राजीव कुमार सिंह ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस मौके पर दिया गया स्मृति चिन्ह मात्र पुरस्कार के लिए नहीं अपितु संस्कार और आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा के लिए है। कक्षा दशम की बहन नैंसी कुमारी ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि दसवीं कक्षा के भैया बहन हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वे उत्तरोत्तर प्रगति करते रहें, यह मेरी शुभकामना है। मौके पर विद्यालय की आचार्या जया मिश्रा ने जीवन बन तू दीप समान यह प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाली बहन आयुषी सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिताजी को देते हुए कहा कि आज मैं अपने पिताजी की प्रेरणा से ही इस मुकाम पर पहुंची हूं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार ने भी अपना उद्बोधन दिया।

## सभी पंचायत भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से होंगे लैस, जल्द शुरू हो जायेगा काम

सभी पंचायत भवनों में पहुंच पथ की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले वासियों को हर छोटे कार्यों के लिए प्रखंड अथवा जिला के कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार पंचायत भवनों को मॉडर्न पंचायत भवन बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश पर जिले के सभी पंचायत भवनों में कार्यालय संबंधित कार्यों के अलावा लाइब्रेरी, वाइ फाई, प्रज्ञा केंद्र, बैंक सखी आदि जैसी सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा। उक्त सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा पंचायती राज पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेन के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का किया। बैठक में संख्यावर पंचायत भवनों में विभिन्न सुविधाओं के परिपूर्णता के विषय पर चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कॉलेज की भूमिका श्रेष्ठ : विद्वत परिषद

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की विद्वत गोष्ठी में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में विद्वत गोष्ठी की गयी। विद्वत परिषद के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में कॉलेज श्रेष्ठ भूमिका निभा रहा है।

गोष्ठी की शुरुआत टाना भगत इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिरीश प्रसाद केसरी द्वारा वंदना सभा में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व महाविद्यालय के परिसर में विद्वत जनों ने पौधरोपण किया जिसमें आम, अमरूद, चीकू, नाशपाती, लीची आदि के पौधे लगाये गये। अतिथि परिचय और स्वागत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वत जनों ने सुझाव दिया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसके लिए बच्चों की उपस्थिति नियमित होनी चाहिए।

### मवेशी चराने गये एक व्यक्ति की वज्रपात से मौत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के डुको पंचायत के चेगरी गांव में सोमवार को हुए बज्रपात में चेगरी निवासी सोमा उरांव की घटना स्थल पर मौत हो गयी। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार सोमा उरांव अपने घर से आधा किलोमीटर दूर मवेशियों को चराने के लिए गया था। इसी क्रम में दोपहर 3 बजे अचानक वज्रपात हुई। जिसकी चपेट में सोमा आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही अन्य मवेशी चरा रहे लोगों ने देखा तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। घटनास्थल पहुंच लोगों ने सोमा को उठाया और घटना की जानकारी घाघरा थाना को दी। जिसके बाद शव को घाघरा थाना परिजनों के सहयोग से लाया गया।

### कैरो में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी के संयुक्त प्रयास से एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) परियोजना के तहत बीडीओ की अध्यक्षता में बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। परियोजना समन्वयक विक्रम कुमार ने बताया कि लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी के संयुक्त प्रयास से जिले के सभी प्रखंडो के कुल 150 गांव में परियोजना संचालन किया जा रहा हैं। बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल यौन शोषण जैसे अपराध कैसे होता है इन अपराधों का दुष्प्रभाव क्या होता है? इन अपराधों से कैसे निपटा जा सकता हैं। ऐसे अपराध की शिकायत ग्राम स्तर से जिला स्तर तक किसे करनी हैं। सभी प्रकार के अपराध में क्या सजा होती हैं।

## कुडू सीओ ने किया प्रज्ञा केंद्र का औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुडू, लोहरदगा।** सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पाया कि जीमा, ककरगढ़ एवं टाटी पंचायत को छोड़कर जितने भी प्रज्ञा केंद्र संचालक हैं, जिनको पंचायत सचिवालय में कमरा आवंटित हुआ है। वह अपना प्रज्ञा केंद्र पंचायत सचिवालय में न चला कर अन्य जगहों पर चला रहे हैं। इस संबंध में अंचल कार्यालय ने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को स्पष्टीकरण जारी कर यह जवाब मांगा है कि जब



आपको पंचायत सचिवालय में कमरा आवंटित है एवं आपका आईडी उसी शर्त पर निर्गत हुआ है कि आप पंचायत सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। परंतु आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### बाईपास रोड के समीप बाइक सवार तीन छात्र गिरकर हुए घायल

**गुमला।** बाईपास रोड के समीप अचानक पशु के दौड़ जाने से बाइक सवार तीन छात्र गिरकर घायल हो गये। घायलों में बेहरा टोली निवासी 14 वर्षीय रोशन उरांव, उर्मी निवासी अनुराग लकड़ा और अरमई निवासी आदर्श गोप शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए रोशन ने बताया वे तीनों दोस्त बाईपास घूमने गये थे। वहीं अचानक एक कुत्ता दौड़ कर सड़क पार करने लगा। उसी क्रम में गिर कर हम लोग घायल हो गये। वही रोशन उरांव को हाथ पैर व चेहरे में गंभीर चोट जबकि 2 छात्र को आंशिक चोट लगी है।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहरी क्षेत्र के रजा कालोनी निवासी 22 वर्षीय युवक आकिब खान का कोटाम पुलिस ने रविवार को देर शाम करीब 7 बजे पिकेट से कुछ दूर एक झाड़ी के समीप से संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद कियौ। मृतक आकिब के चेहरे व नाक में चोट का निशान है। इसके अलावा हाथ में भी रस्सी से बांधने का निशान है। जिससे उसकी हत्या कर शव झाड़ी में फेंके जाने की आशंका लोग जाहिर कर रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि सम्भवतः लू लगने से उसकी मौत हुई है। मगर सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर आकिब कोटाम कैसे पहुँचा । ऐसे वह नशे का भी आदि था। सूचना के बाद उसके परिजनों का रो रो कर हाल बुरा है। देर रात करीब 8 बजे परिजन घटना स्थल पर पहुँच कर मामले की जानकारी लेने में जुटे थे। आकिब का भाई मो अरमान ने बताया कि आकिब हाल ही में रमजान माह में दुबई से वापस गुमला आया था। इसके बाद वह अक्सर घर में नहीं रहता था। नशे की लत के कारण परिवार के लोग भी उसे नहीं ढूंढ़ते थे।

### पेयजल समस्या से शहरवासी हलकान



**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा और नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर ने सोमवार को पेयजल समस्या को लेकर पीएचईडी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि गुमला नगरपरिषद के सभी वार्डों के लोग पानी समस्या से परेशान हैं। पेयजल को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है। सैयदा खातून ने बताया कि अल्पसंख्यक मुहल्ले की स्थिति और भी भयावह है। मुहल्लेवासियों से मिलने के क्रम में कहा कि पिछले कई दिनों से पानी की समस्याओं को लेकर महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। पानी के लिए आँख तरस जा रही है बार बार नल को चेक करना पड़ रहा है कि अब तो पानी आयेगा और प्रशासनिक पदाधिकारी को टैंकर से पानी आपूर्ति करवाने के लिए कई बार आग्रह किया गया। लेकिन भी पानी नहीं मिल रहा है। सभी मुहल्ले वाले भगवान भरोसे जीवन जी रहे है और पानी के लिये तरस रहे हैं।

# मोची परिवार के लोगों के उत्थान के लिए प्रशासन बना रही योजना

■ उपायुक्त ने सात दिनों में मोची परिवार के लोगों को रोजगार देने व प्रशिक्षण देने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के पारंपरिक मोची का कार्य कर रहे समुदाय के विकास के लिए उनको चिन्हित करते हुए उनके स्किल मैपिंग कर उनके आर्थिक स्थिति को सुधार करने के उद्देश्य से योजनाएं तैयार की जा रही है। उक्त संबंधित विषयों की समीक्षा करने हेतु सोमवार को उपायुक्त ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिन्हित मोची समुदाय के विकास हेतु तैयार किए गए योजनाओं की समीक्षा की गई। किए गए सर्वेक्षण के अनुसार जिले के 2048 मोची समुदाय के लोगों के वर्तमान अवस्था का अध्ययन किया गया। जिसमें से 136 लोग पूर्ण रूप से पारंपरिक मोची का कार्य कर रहें है। इस संबंध में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पारंपरिक मोची के कार्य करने वाले समुदाय के कार्य स्थलों के पास सीएफसी भवन निर्माण करने , रोजगार बढ़ाने एवं उन्हें बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के संबंध में 7 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जिला उधमी समन्वयक एवं एडीएफ अविनाश नाग को निर्देश दिया कि मोची कारीगरों के परिवार के सदस्यों की स्किल मैपिंग करते हुए उनके घर के युवक-युवतियों को लाइब्रेरी से लिंक किया जाये।

**खास बातें**

वहीं कारीगरी में गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु कारीगरों को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की बात कही। श्रम विभाग द्वारा कैंप लगाकर सभी कारीगरों का श्रमिक निबंधन कराते हुए उन्हें 7 दिनों में आवश्यक लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कारीगरों के कार्यस्थल पर मोबाइल मेडिकल वाहन की पहुंच साप्ताहिक या मासिक उपलब्ध कराया जाये। इससे संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार, एडीएफ अविनाश नाग सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद थे।

# ठाकुरबाड़ी में संपन्न हुआ भगवान जगन्नाथ स्वामी का नेत्रदान अनुष्ठान, रथ यात्रा आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** ठाकुरबाड़ी सहित विभिन्न जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों में सोमवार को नेत्रदान उत्सव के साथ धार्मिक अनुष्ठान परंपरानुसार संपन्न हुआ। आज 20 जून को रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। आसाढ़ शुक्ला प्रतिपदा के दिन नेत्रदान उत्सव मनाने की परंपरा के तहत नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी को स्नान कराकर भोग लगाया गया। इस विधि के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान जगन्नाथ मंगलवार को रथ में सवार होकर अपने मौसी के घर घूमने जायेंगे और नौ दिनों के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर वापस लौटेंगे।



नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न कराते पुरोहित व उपस्थित यजमान।

**खास बातें :** महंत ओमप्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर में पूजा सुबह 6 बजे से ही शुरू होगी फिर अपराह्न साढ़े 3 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रागंण से निकलकर तेतरतर, थाना रोड, थाना चौक, शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन व गुदरी बाजार से होकर महावीर चौक होते हुए महाराजा अग्रसेन पथ स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कराने में श्री श्री 108 श्री जगरनाथ महाप्रभु ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा के महंत रामनरेश शरण जी, ठाकुरबाड़ी मंदिर पुजारी मोहनदास, पुरोहितों और सहयोगियों मे अयोध्या दास, मनोज दास, जितेंद्र दास, विष्णु दास, सर्वेश पाठक, आदित्य दास, शैलेश दास समेत अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अधिवक्ता संघ की बैठक

**कोडरमा।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश लाल सलूजा की अध्यक्षता में संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से 21 जून को संघ परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी का भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया।

### ऋषि कुमार ने जीता कांस्य पदक

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के छात्र ऋषि कुमार ने 13वीं झारखंड राज्य कैडेट जुडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर अपने विद्यालय का नाम पूरे राज्य में रौशन किया है। बताते चलें कि देवघर जुडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र ऋषि कुमार ने यह सफलता प्राप्त की है।

### छत्रिय महासंघ का एक दिवसीय बैठक संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घंघरी में सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ घंघरी प्रक्षेत्र के एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्र के विकास एवं कोष के उपर विशेष विचार विमर्श किया गया।

### जिला योजना कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गयी। बैठक में सबसे पहले पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए डीसी ने लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### राधा फ्यूल के मालिक का निधन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के वरीय समाजसेवी सह राधा ट्रेवल्स, राधा फ्यूल के मालिक, मध्य पंचायत निवासी पूर्व मशहूर फुटबॉलर सह समाजसेवी 71 वर्षीय मुकेश मोदी का निधन रविवार की रात्रि 11 बजे दुर्गापुर हॉस्पिटल ले जाने के दौरान हो गयी। वे अपने पीछे दो बेटे व एक बेटी का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन पर सभी दलों के नेताओं समाजसेवियों समेत खेल प्रेमियों ने शोक संवेदना व्यक्त कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सांप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़े : डॉ. रविकांत

**कोडरमा (कोडरमा)।** सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ होने से जिले के लोगों को काफी मदद हो रही है। अगर बात करें तो सांप काटने के मरीजों की तो पिछले दो दिनों में करीब 6 मरीजों का सफल इलाज किया गया। वहीं सदर अस्पताल के डॉ.रविकांत ने अपील करते हुए कहा कि सांप काटने पर झाड-फूंक के चक्कर में न पड़े, सदर अस्पताल कोडरमा में आकर इलाज करायें। वहीं मरीज धनंजय उपाध्याय ने बताया कि मैं अपने बागवानी में पानी पाटने रहा था, उसी क्रम में मुझे सांप ने कांट लिया, मैंने सदर अस्पताल में आकर इलाज कराया, जहां मेरा बेहतर इलाज हुआ और मैं पूरी तरह से स्वास्थ्य हूं।

### बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत

**भवनाथपुर।** केतार कोल्हरोड के बिगहा के पास दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरिहरपुर ग्राम निवासी छोटू रजवार अपने मौसा रामबचन रजवार के साथ रविवार की रात्रि अपने गांव हरिहरपुर से परसोडीह अपने मामा के घर आ रहा था, इसी क्रम में बिगहा ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से टकरा गया। दुर्घटना के बाद छोटू रजवार एवं रामबचन रजवार घायल होकर तड़पते रहें। इसकी सूचना पर केतार पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवननाथपुर ईलाज के लिये ले जाया गया। ईलाज के दौरान देर रात्रि छोटू रजवार की मृत्यु हो गई। इसके बाद सोमवार की सुबह उक्त को पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा ले जाया गया।

### सिमरिया पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जनसभा को किया संबोधित

# मुफ्त का लत लगाकर लूट रही है भाजपा : हेमंत

खबर मन्त्र संवाददाता





**सिमरिया।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सिमरिया प्रखंड मुख्यालय के हर्षनाथपुर मैदान में एक भीड़ भरे जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री यहां आजसू नेता मनोज कुमार चंद्रा और उनके समर्थकों को झामुमो की सदस्यता ग्रहण कराने के अवसर पर पहुंचे थे। सभा में आजसू नेता मनोज चंद्रा, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, रोहिणी देवी, पत्थलगड़ा जिप सदस्य रामसेवक दांगी, प्रमुख रोहन साहू सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और भारी संख्या में आजसू कार्यकताओं ने झामुमो का दामन थामा। सभा में मुख्यमंत्री ने उन्हें सदस्यता की शपथ दिलाई। इस दौरान आजसू नेता मनोज चंद्रा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास की आशा जताई। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने झारखंड के पिछली सरकारों को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सत्ता बीस वर्षों तक बेईमानों के हाथों में रही है। इन्होंने कारपोरेटों के साथ मिलकर राज्य को लूटने का काम किया है। जिसके कारण झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की समस्याओं पर ध्यान नहीं देती है। जब भी उनसे यहां की समस्याओं पर चर्चा करता हूं तो वे अनसुनी कर देते हैं। केंद्र सरकार ने आम लोगों के साथ-साथ राज्य सरकार की परिसंपत्तियों को भी बेच डाला। झारखंड के एक लाख 36000 करोड रुपए केंद्र सरकार पर बाकी है जिसकी बात करने पर कभी ईडी तो कभी सीबीआई को पीछे लगा देते है। उनकी गलत नीतियों के कारण महंगाई चरम पर है। और लोग त्रस्त है। एक तरफ तो मुफ्त में गैस बाँटते हैं और दूसरी तरफ उसकी कीमत बढ़ाकर पैसा लूट लेते हैं। उन्होंने आजसू को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी हमेशा सत्ता भोगी रही है। इसने भी भाजपा के साथ मिलकर झारखंड को लूटा है। दोनों पार्टियां जाति और संप्रदाय को लड़वाती है और सामाजिक समरसता को बर्बाद कर राजनीतिक रोटीसेंकती हैं। मैंने विषम परिस्थिति में सत्ता संभाला राज्य अभी कोरोना के मार से उभरा भी नहीं था कि राज्य सुखाड़ की चपेट में आ गया। कोरोना में जब पूरे देश में लॉकडाउन था मैं मजदूरों को हवाई जहाज से वापस ला रहा था। सुखाड़ में भी हमने गरीब मजदूरों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जिसका लाभ आम लोगों तक पहुंचा। उन्होंने सिमरिया वासियों को विकास के प्रति अस्वस्थ कराया और कहा के आने वाले दिनों में क्षेत्र का विकास धरातल पर नजर आएगी।

### बबलू मोदी हत्याकांड में पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चंदवारा (कोडरमा)।** बबलू मोदी हत्याकांड मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी ज्योति देवी को बिरनी के बंगराखुर्द मायके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय हो कि थाना अंतर्गत पिपराडीह रेलवे ट्रैक पर 30 अप्रैल को बबलु मोदी काघ शव बरामद किया गया था। जिसके बाद से ही उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी, इसे लेकर वैश्य समाज की ओर से काफी आंदोलन चलाया गया था व दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही थी। बब्लू मोदी चंदवारा थाना के समीप फल काघ ठेला लगाता था। घटना की रात करीब 10:30 बजे उसे किसी ने फोन कर घर से बाहर बुलाया था। घटना के बाद कांड संख्या 32/2023 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया था। इस सम्बंध में बब्लु मोदी की पत्नीघ से पुलिस कई बार पूछताछ कर चुकी है। पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महिला जिप अध्यक्ष हुई नजरअंदाज, गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पुलिस लाइन में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मंच पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी को बैठने की उचित स्थान नहीं मिली। उन्हें उपेक्षित करते हुए मंच पर आमंत्रित भी नहीं किया गया। सम्मान नहीं मिलने पर जिप अध्यक्ष ममता कुमारी ने जिला प्रशासन पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में बुलाया गया था। लेकिन कार्यक्रम में मान-सम्मान जगह नहीं दी गई। जिससे मान-सम्मान को आघात लगा है। मंच पर उपेक्षा की गई। ऐसे में गांव की सरकार कैसे काम कर पाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे साथ दुर्व्यवहार किया गया। सरकार कहती है कि जनप्रतिनिधियों के बिना विकास कार्य नहीं होगा। लेकिन दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों को मान-सम्मान नहीं दिया जाता है। अगर मान सम्मान नहीं दे सकते हैं, तो कार्यक्रम में आमंत्रित भी नहीं करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान भी किया गया लेकिन मुझे सम्मान से वंचित रखा गया। पूर्व से ही जिला प्रशासन का रवैया अच्छा नहीं है। क्योंकि मैं दलित शोषित महिला हूँ। सरकार एक तरफ गरीब दलित महिला की बात करती है वहीं दूसरी तरह उनके पदाधिकारियों द्वारा अपमानित भी किया जाता है। जब भी हम अपनी समस्या को लेकर उपायुक्त अथवा उप विकास आयुक्त के पास जाती हूँ तब-तब मुझे जलील किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कब तक हम जैसे दलित शोषित महिलाओं का अपमान होता रहेगा। जिला प्रशासन को इसका जवाब देना पड़ेगा। हम जैसे दलित शोषित महिलाओं को कब तक अग्रिम पंक्ति में खड़ा होने का अधिकार नहीं है। सभी कार्यों का श्रेय जिला प्रशासन लेना चाहती है तो मुख्यमंत्री और मंत्री सत्यानन्द भोगता चतरा जिला से पंचायती राज व्यवस्था को खत्म कर दें ताकि जिला प्रशासन खुली लूट मचा सके।

### केटीपीएस के मजदूरों ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा में पोलूशन का कार्य करा रही थर्मेकश कंपनी के सबकॉन्ट्रैक्टर जेडी जाडीया के अंदर लैंड लूजर परिवार से कुछ मजदूरों को काम पर लगाया गया था और वह लोग लगभग 3 वर्षों तक काम किए पिछले दिनों उन्हें काम से यह कह कर बैठा दिया गया कि कंपनी का काम खत्म हो गया है लेकिन इन मजदूरों को कार्य से बैठाने के बाद उसी कंपनी के द्वारा बाहरी मजदूरों को लाकर कार्य करवाया जा रहा है जबकि जिस वक्त लैंड लूजर परिवार के मजदूरों को कार्य पर लगाया जा रहा था, उस वक्त डीवीसी एचआर के पदाधिकारियों के द्वारा कहा गया था कि जब तक कंपनी कार्य करेगी तब तक आप लोगों को रखा जाएगा और जैसे ही इसका मेंटेनेंस वर्क शुरू होगा उस वक्त मेंटिनेस वर्क में आप लोगों को एडजस्ट कर दिया जाएगा।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड के सभागार मे प्रखंड साक्षरता समिति के तत्वावधान में सोमवार को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, प्रेरक सह एमटी, भीटी एवं स्वयंसेवक शिक्षक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान सहायक लव कुमार, सुषमा तिर्की, जितेंद्र सिंह एवं प्रखंड समन्वयक कामेश्वर बैठा, नपं क्षेत्र के समन्वयक सुरती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक कामेश्वर बैठा एवं सुरती कुमारी द्वारा अपने अपने अलग-अलग दो कमरों में प्रेरक सह एमटी, भीटी एवं स्वयंसेवक शिक्षक सहित महिलाओं को साक्षरता के साथ सामाजिक बदलाव के लिए प्रशिक्षण देकर उन्हें जागरूक किया गया। कहा गया कि अभी भी विशेषकर महिला शिक्षा के प्रति काफी पीछे हैं और अंधविश्वास एवं रूढ़िवादी के जाल में फंसे हुए हैं। अंधविश्वास पर विश्वास नहीं करने पर बल दिया गया। बताया गया कि जब तक लोग साक्षर नहीं होंगे इस पर काबू पाना मुश्किल है।

## जिले में चलेगा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम

### एसडीओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की गयी। जिसमें जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। बैठक में शामिल दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए एसडीओ श्री मीणा ने कहा कि आगामी 1 जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए वार्षिक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण, कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष से लेकर छूटे हुए अन्य लोगों का वोटर कार्ड बनाया जाएगा, साथ ही अभियान के दौरान वोटर कार्ड में नाम में सुधार आदि का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है, ऐसे में आप सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपेक्षित है। वहीं युवाओं से अपील करते हुए एसडीओ ने कहा कि जिन युवाओं का नाम वोटर लिस्ट में नही है, वे अपने नजदीकी बीएलओ से सम्पर्क कर निर्धारित फॉर्म को भर दें। वहीं उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि एक जून से लेकर 16 अक्टूबर तक मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन से सम्बंधित कार्य, मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों का निराकरण, कंट्रोल टेबल का अपग्रेडेशन, प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी आदि के कार्य किये जायेंगे जबकि 17 अक्टूबर से लेकर 5 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा आपत्ति प्राप्त करने व उसका निराकरण आदि के कार्य किये जायेंगे, 22 अगस्त से लेकर 29 सितंबर तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, पुनर्व्यवस्था, मतदाता सूची, इपीआइसी में विसंगतियों को दूर करने आदि के कार्य किये जायेंगे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## गांव के विकास के लिए निरंतर आगे बढ़े : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृति भवन में हमार गांव हमार जिम्मेदारी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ लक्ष्मीपुर गांव के ग्रामीण दीदीयों द्वारा स्वावलंबन गांव पर गीत गाकर किया गया। इस दौरान ग्रामीण दीदी ने गांव के विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यों को रखा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के मार्गदर्शन पर हमलोगों ने स्वावलंबन का पाठ पढ़ा और उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चला। अपने गांव के ग्रामीण दादा-दादियों के साथ रात्रि चौपाल, ग्राम सभा कर अपने गांव के विकास के लिए परिचर्चा की और ग्राम कोष का गठन कर अपने गांव के लिए काम किया।

जल संरक्षण के लिए टीसीबी, फील्ड बंड बना कर जल को संरक्षण किया और आज हमारे गांव में पानी पर्याप्त मात्रा होने से फसल उत्पादन में आसानी हो रही है। वहीं उपायुक्त श्री रंजन ने सभी दीदी व दादा को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोगों ने मिलकर गांव को परिवार बना कर गांव के विकास के लिए कार्य किया। मिल जुलकर गांव, खेत, स्कूल और आंगनबाड़ी का विकास करने के लिए कार्य करें। हमलोगों ने जो तकलीफ झेली है वो हमारे आने वाले पीढ़ी को झेलना न पड़े, इसके लिए कार्य करना है। इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने स्वावलंबन गांव से आये दीदी और दादा को संबोधित करते हुए कहा कि इसी तरह स्वावलंबन की राह में निरंतर बढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में आपलोगों के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, मगर अभी भी कुछ कार्य बचे हुए हैं उसे पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के लिए जो कार्य करना है, उसके लिए आकलन कर लें। जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य के लिए सहयोग प्रदान किया जायेगा ताकि आप अपने आजीविका का स्रोत बना सके और गांव का विकास को बढ़ा सकें। मौक पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, पीएमयू सदस्य धनपाल अनुज व अन्य मौजूद थे।

## अधिकारियों की उदासीनता का दंश झेल रहे हैं ग्रामीण



जानकारी देते ग्रामीण

**भवनाथपुर।** सरकार की कल्याणकारी ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना प्रखंड में लोगों के लिए हाथी का दांत साबित हो रही है। सरकार द्वारा आम लोगों को शुद्ध पेयजल व स्वस्थ रहने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जो धरातल पर समुचित तरीके से कार्यान्वित नहीं हो पा रहे है। इस वजह से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसका जीता जागता उदाहरण प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के बुका बस्ती स्थित बना जलमीनार है, जो अधिकारियों के उदासीनता का दंश झेल रहा है। जल मीनार कई महीनों से खराब पड़ा है जिसे 50 घरों के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण चंचल राउत, पिंटू राउत, कृष्णा राउत, मनोज यादव, गोलू राउत, पप्पू राउत, अनूप रावत, शैलेन्द्र राउत, चंद्रजीत राउत, रमेश राउत, अखिलेश चंद्रवंशी, राम जन्म राउत, विजय राउत सहित कई लोगों ने कहा की इस वर्ष प्रचंड गर्मी पड़ रहीं है, विभाग उदासीनता की वजह से बुका बस्ती मे लगा जल मीनार शोभा की बस्तु बनी है। हमलोगों को पेयजल के लिए इस चिलचिलाती धूप में यत्र -तत्र भटकना के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## एक नजर में

### जैनुल्ला अंसारी बने झामुमो के रंका अनुमंडल अध्यक्ष, बधाई

**गढ़वा।** झामुमो के वरिष्ठ नेता रंका प्रखंड के कंचनपुर ग्राम निवासी जैनुल्ला अंसारी को झामुमो का रंका अनुमंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सोमवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने जैनुल्ला को माला पहना कर बधाई दी। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि जैनुल्ला के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि जैनुल्ला कुशल नेतृत्वकर्ता हैं।

### लू लगने से महिला की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा में कार्यरत व अधौरा गांव निवासी राम प्रीत राम की 65 वर्षीया पत्नी बचिया देवी की मृत्यु लू लगने से रविवार की रात में हो गयी। परिजनों ने बताया कि वह अन्य महिलाओं के साथ शिवपुर गांव स्थित जनवितरण प्रणाली की दुकान पर राशन लेने गयी थी। उनकी तबियत रास्ते मे ही खराब हो गया और बेहोश होकर गिर पड़ी। इसकी सूचना घर वालो को मिली तो आनन फानन में इलाज के लिये गढ़वा ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बचिया देवी मध्य विद्यालय अधौरा में एमडीएम स्कीम के स्थापना काल से ही कार्यरत थी। अचानक मौत की सूचना पर विद्यालय परिवार व गांव में शोक की लहर है।

### बाइक के धक्के से महिला की मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर छह मईलवा के समीप सोमवार के सुबह बाईक के धक्के से अरसली दक्षिणी के बैगाडीह निवासी अम्बिका सिंह की 38 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। ईलाज के लिए गढ़वा ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी बैगाडीह आंगनबाड़ी सेंटर में सहायिका के तौर पर काम करती थी, सोमवार के सुबह वह अपने पति अंबिका सिंह के साथ श्री बंशीधर नगर से अपने घर बैगाडीह आ रहे थे। तभी मुख्य पथ स्थित छह मईलवा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अपाची बाईक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उन्हें ईलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी लाया गया। वहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। ईलाज के लिए जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। सदर अस्पताल गढ़वा में अंत्यपरीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### महिला ने लगाई मुखिया एवं एक अन्य व्यक्ति पर गंभीर आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव के टोला झपही निवासी शेख जाबीर की पत्नी जरीना बीवी ने सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान एवं सोनपुरवा के ही फैसल खान के विरुद्ध 10 वर्षीय पुत्र शेख अमन को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में स्थानीय थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर थाना प्रभारी त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 जुन 2023 को मुखिया अख्तर खान एवं फैसल खान के विरुद्ध थाना कांड संख्या 67/23 के तहत धारा 341, 323, 307, 379, 506, 34 भादवी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में घायल पुत्र की मां जरीना बीवी ने बताई की शासन-प्रशासन के दबाव में आने के बाद पंचायत मुखिया अख्तर खान के द्वारा मुकदमे उठाने की धमकी दिया जा रहा है। जिससे हम सभी परिवार काफी डरे सहमे हैं।

### शोक सभा का आयोजन

**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय रमना के सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ल के निधन पर सोमवार को बालिका उच्च विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। जानकारी के अनुसार वे 1997 ई में अंग्रेजी के शिक्षक पद पर नियुक्त होकर करीब 25 वर्षों तक बालिका उच्च विद्यालय रमना में सेवा के बाद 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे। अमहर मुक्ति धाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव, संस्थापक महेन्द्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी चतुरगुन महतो, ललित किशोर, बिटू ठाकुर, नरेश साह, नन्दू राम, मंतोष राम, अनिल गुप्ता, पंकज गुप्ता, उमेश गुप्ता आदि का नाम शामिल है।

### झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा का सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में रंका मोड़ स्थित मणिकर्णिका गुपुत विवाह वाटिका के सभागार में झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार केशरी ने केसरिया झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल केसरवानी, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, राष्ट्रीय मंत्री विजय केशरी, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रतनलाल केसरवानी, झारखंड प्रदेश संरक्षक भरत लाल केशरी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार केशरी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर व महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

### आम रास्ता कब्जा करने के संबंध में महिला ने थाना में दी आवेदन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर दो स्थित दुबे तहले के रविदास टोला में पिछले कई महीनों से आम रास्ता के लिए झगड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इधर इस संबंध में बताया जा रहा है कि पिछले तीन महीना पूर्व आम रास्ता के लिए दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसका इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में सभी घायलों को कराया गया था। इधर राजेश राम की पत्नी रिंकी देवी ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर जनहित में पूर्व से चली आ रही आम रास्ता दिलवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पूर्व से चली आ रही आम रास्ता बिंदु राम, मुखलाल राम, सीताराम, राजेश राम, संजय राम एवं अजय राम के परिजन इस रास्ते के माध्यम से पिछले कई वर्षों पूर्व से आते जाते हैं। साथ ही कहा गया है कि मेरा देवर संजय राम ने अपने हिस्से की जमीन पड़ोस के ही बिगू राम के हाथों बिक्री कर चुका है।

### मानदेय में चार प्रतिशत की वृद्धि को लेकर सेवा सम्पुष्टि में हो रही देर से शिक्षकों में रोष

**कांडी।** प्राथमिक सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षकों के मानदेय में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर कांडी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय व पंचायत स्तरीय प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार के गठन में हो रही देरी से पारा शिक्षकों रोष व्याप्त है। सोमवार को कांडी बीआरसी व प्रखंड कार्यालय पहुंचे पारा शिक्षकों ने बीईईओ, प्रखंड प्रमुख व प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर बात करनी चाही किंतु दोनों पदाधिकारियों के साथ साथ प्रखंड प्रमुख अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। चिलचिलाती धुप में 10 बजे से दोपहर के एक बजे तक इन्तजार करने के बाद सभी शिक्षक अपने अपने घर वापस लौट गए। कांडी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष रहे रामरंजन, वरिष्ठ शिक्षक अरुण पांडेय व राजेश कुमार दुबे ने कहा कि गढ़वा जिले के अधिकतर प्रखंड में प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार का गठन कर जिला के साथ साथ राज्य को भेजा जा चुका है।

